NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति
# विजडम इंडिया
EMAIL: sheelshukla100@gmail.com
लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 15 अंक: 187 लखनऊ, शुक्रवार 27 फरवरी 2026 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## बंगाल चुनाव से पहले अमित शाह का हुंकार, भाजपा जीती तो हर घुसपैठिया होगा बाहर

एजेंसी।

दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के अररिया में पश्चिम बंगाल चुनाव में भाजपा की जीत का विश्वास जताते हुए कहा कि सत्ता में आने पर हर एक घुसपैठिये को बाहर निकाला जाएगा। उन्होंने घुसपैठ को राष्ट्रीय सुरक्षा और जनसांख्यिकीय संतुलन के लिए खतरा बताया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को विश्वास जताया कि पश्चिम बंगाल में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जीत दर्ज करेगी और सत्ता में आने के बाद राज्य से "हर एक घुसपैठिये को बाहर किया जाएगा।" शाह ने यह बात बिहार के अररिया जिले में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। अररिया सीमांचल क्षेत्र में स्थित है, जिसकी सीमा पश्चिम बंगाल से लगती है।उन्होंने कहा,



"पश्चिम बंगाल में चुनाव नजदीक हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि भाजपा जीतने जा रही है। नई सरकार बनने के बाद हम हर एक घुसपैठिये को बाहर करेंगे।" गृह मंत्री ने कहा, "घुसपैठियों को बाहर निकालने की प्रक्रिया बिहार, खासकर सीमांचल क्षेत्र से शुरू होगी। हमने पिछले वर्ष विधानसभा चुनाव इसी मुद्दे पर जीता था। विरोधियों द्वारा हमारे एजेंडे की आलोचना किए जाने के बावजूद हमें जनादेश मिला।" शाह ने कहा कि घुसपैठ राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है और घुसपैठिये किसी क्षेत्र के जनसांख्यिकीय संतुलन को भी प्रभावित करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वे राशन पर निर्भर रहते हैं और आम लोगों के लिए निर्धारित अन्य लाभों का भी उपयोग करते हैं।

उन्होंने कहा, "बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और असम ऐसे जनसांख्यिकीय असंतुलन के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील हैं। नरेन्द्र मोदी सरकार जनसांख्यिकीय संतुलन बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।" शाह ने अपने संबोधन की शुरुआत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की।

## जापान के यामानाशी प्रांत के साथ ग्रीन हाइड्रोजन पर ऐतिहासिक समझौता, मुख्यमंत्री योगी ने निवेश रोड शो में रखा उत्तर प्रदेश का विकास विजन

एजेंसी।

यामानाशी (जापान) लखनऊ, । जापान दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यामानाशी प्रांत के साथ ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक को लेकर एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर नई उपलब्धि हासिल की है। इस समझौते के तहत उत्तर प्रदेश के उच्च तकनीकी संस्थानों के छात्रों को जापान में उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक को प्रदेश के उद्योग, सार्वजनिक परिवहन और ऊर्जा क्षेत्र में चरणबद्ध रूप से लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इसे ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम बताते हुए कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेट जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगी।यामानाशी में आयोजित निवेश रोड शो में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की नई विकास नीति और निवेश संभावनाओं को वैश्विक उद्योग जगत के समक्ष विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश ने शासन की कार्यप्रणाली को प्रतिक्रियात्मक व्यवस्था से आगे बढ़ाकर सक्रिय और दूरदर्शी मॉडल में परिवर्तित किया है। यही बदलाव आज उत्तर प्रदेश की तीव्र आर्थिक प्रगति का आधार बना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि टोक्यो में सरकार–से–सरकार और सरकार–से–व्यवसाय स्तर की कई महत्वपूर्ण बैठकों में प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया, जहां भारतीय दूतावास के सहयोग से जापानी उद्योग समूहों के साथ व्यापक संवाद हुआ। उन्होंने यामानाशी प्रशासन द्वारा निवेश संवाद को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने के लिए आभार भी व्यक्त किया।मुख्यमंत्री ने भविष्य की तकनीकों पर विशेष बल देते हुए कहा कि रोबोटिक्स आने वाले समय की प्रमुख तकनीक है और प्रदेश सरकार ने अपने बजट में इसके लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की व्यवस्था की है। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश और यामानाशी के बीच सहयोग भारत–जापान संबंधों को नई ऊंचाई देगा तथा ऊर्जा और तकनीक को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की जनसंख्या, प्राकृतिक संसाधनों और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि लगभग 25 करोड़ की आबादी वाला यह राज्य देश की सबसे उर्वर भूमि, समृद्ध जल संसाधनों और विशाल मानव शक्ति से संपन्न है। उन्होंने कहा कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले नौ वर्षों में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय और अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा उत्तर प्रदेश आज देश की तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी बनकर उभरा है।मुख्यमंत्री ने शासन व्यवस्था में आए परिवर्तन को रेखांकित करते हुए कहा कि पहले समस्याओं के समाधान के लिए केवल प्रतिक्रिया दी जाती थी, जबकि अब सरकार संभावनाओं की पहचान कर पहले से तैयारी करती है। निवेश को आकर्षित करने, उद्योगों को सुविधाएं उपलब्ध कराने, नई तकनीकों को अपनाने और वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में निरंतर पहल की जा रही है। इसी उद्देश्य से उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल जापान की यात्रा पर आया है ताकि अवसरों को ठोस परियोजनाओं में बदला जा सके।यामानाशी प्रांत के साथ सहयोग को नई दिशा देते हुए मुख्यमंत्री ने प्रांत के राज्यपाल कोटारो नागासाकी और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जापान सरकार और यामानाशी प्रशासन ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल को अपने प्रमुख क्षेत्रों को समझने और उद्योग जगत से सीधे संवाद का अवसर प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने स्मरण कराया कि दिसंबर 2024 में यामानाशी के राज्यपाल उत्तर प्रदेश आए थे और उसके बाद दोनों पक्षों के बीच लगातार संवाद, प्रतिनिधिमंडलों के आदान–प्रदान और अध्ययन रिपोर्टों के आधार पर यह सहयोग अब ठोस समझौते में परिवर्तित हुआ है।

## सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद शिक्षा मंत्री का कड़ा रुख, दोषियों पर होगी कार्रवाई

एजेंसी।

दिल्ली। किताब में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पाठ पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त फटकार के बाद, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने चिंता व्यक्त करते हुए दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे न्यायपालिका की छवि खराब करने की साजिश मानते हुए शिक्षा सचिव और NCERT निदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, जिससे यह शैक्षिक विवाद गहरा गया है। कक्षा 8 की एनसीईआरटी किताब में न्यायपालिका में भ्रष्टाचारश नामक पाठ को लेकर विवाद गहरा गया है। इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त नाराजगी जताई है, जिसके बाद



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का बड़ा बयान सामने आया है।शिक्षा मंत्री का रुखझारखंड के सरायकेला खरसावां में मीडिया से बात करते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि एनसीईआरटी की किताबों में न्यायपालिका के बारे में ऐसी बातें लिखना चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि मामला सामने आते ही किताबों का रिव्यू कराया गया है। शिक्षा मंत्री ने इस घटना पर गहरा अफसोस जताया और भरोसा दिया कि जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न हो। सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट ने इस विवादित कंटेंट पर शिक्षा सचिव और एनसी डायरेक्टर को श्कारण बताओ नोटिसश जारी किया है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश बेहद गंभीर नजर आए। उन्होंने कहा कि यह न्यायपालिका की छवि खराब करने की एक सोची–समझी साजिश लगती है। सीजेआई ने भावुक होते हुए कहा, श्आज न्यायपालिका खून से लथपथ है और कोई भी कुछ भी कह रहा है।श

## केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की भेंट

नई दिल्ली भोपाल ग्वालियर। केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज नई दिल्ली स्थित रेल भवन में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैश्नव के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में मध्य प्रदेश के ग्वालियर, गुना और चंबल अंचल सहित देश के विभिन्न हिस्सों से इन क्षेत्रों की सीधी रेल कनेक्टिविटी और पूर्वोत्तर में रेल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने संबंधी विविध परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।देश के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ेगा चंबल क्षेत्र बैठक के दौरान चंबल क्षेत्र में प्रमुख ट्रेनों के अतिरिक्त ठहराव, नई ट्रेनों के संचालन, नई रेल लाइनों के निर्माण तथा लंबित रेल विस्तार योजनाओं को गति देने पर सकारात्मक और विचार–विमर्श हुआ। सिंधिया ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि बेहतर रेल संपर्क न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि क्षेत्रीय व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक गतिविधियों को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा। इसके साथ ही पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेल सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, दुर्गम क्षेत्रों में बेहतर संपर्क व्यवस्था तथा अवसंरचना विस्तार को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत की कनेक्टिविटी को मजबूत करना राष्ट्रीय एकात्मता और संतुलित विकास की दिशा में अत्यंत आवश्यक है।सिंधिया ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 'ïवसम वï ळिवअमतदउमदज' दृष्टिकोण के साथ केंद्र सरकार देश के हर क्षेत्र को आधुनिक अवसंरचना से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बिहार में राज्यसभा का बिगड़ा गणित, तेजस्वी बोले- हम जीतेंगे, 6 वोटों का पेंच कैसे सुलझेगा?

पटना बिहार बिहार राज्यसभा चुनाव को लेकर तेजस्वी यादव ने जीत का दावा कर सियासी खेला की अटकलें तेज कर दी हैं। संख्याबल में पीछे होने के बावजूद महागठबंधन की नजर 6 अतिरिक्त वोटों पर है, जिससे चुनाव में मतदान और क्रॉस–वोटिंग की संभावना बढ़ गई है। बिहार की 5 राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू होते ही राज्य की राजनीति गरमा गई है। एनडीए और महागठबंधन, दोनों ही खेमों में बैठकों का दौर जारी है। इस बीच, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव पूरी तरह एक्शन मोड में दिख रहे हैं।तेजस्वी यादव ने विधानसभा में अपने विधायकों और गठबंधन के साथियों के साथ बैठक की। उन्होंने आत्मविश्वास के साथ



कहा कि महागठबंधन के पास पर्याप्त संख्याबल है और वे राज्यसभा चुनाव न सिर्फ लड़ेंगे, बल्कि जीतेंगे भी। उन्होंने संकेत दिया कि अगले कुछ दिनों में उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए जाएंगे। उनके इस बयान के बाद बिहार की राजनीति में एक बार फिर किसी श्खेलाश की चर्चा तेज हो गई है।क्या कहता है सीटों का गणित?राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए जरूरी आंकड़ों को देखें, तो महागठबंधन (आरजेडी, कांग्रेस, वाम दल और आईआईपी) के पास कुल 35 विधायक हैं। जीत पक्की करने के लिए तेजस्वी को अभी भी 6 अतिरिक्त विधायकों के समर्थन की जरूरत होगी। ऐसे में सबकी नजरें ओवैसी की पार्टी और बसपा के रुख पर टिकी हैं। दूसरी ओर, मौजूदा समीकरण के हिसाब से एनडीए को भी अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए 3 अतिरिक्त वोटों की जरूरत पड़ सकती है।निर्विरोध चुनाव या वोटिंग?अगर 5 सीटों के लिए केवल 5 ही उम्मीदवार मैदान में उतरते हैं, तो चुनाव निर्विरोध संपन्न हो जाएगा। लेकिन यदि कोई छठा या सातवां उम्मीदवार मैदान में आता है, तो मतदान होना तय है। ऐसी स्थिति में क्रॉस वोटिंग का खतरा भी बढ़ सकता है। आने वाले कुछ दिन बिहार की सत्ता और विपक्ष दोनों के लिए परीक्षा की घड़ी साबित होने वाले हैं।


मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित प्रमुख आवासीय योजनाएं

हनुमत विहार

26.643 हेक्टेअर में फैली यह टाउनशिप लैंड पूलिंग स्कीम के अन्तर्गत नियोजित की गई है । इस योजना में 26.68 प्रतिशत विकसित भूखंड भूस्वामियों को प्रदान किया गया है। योजना की अवस्थापना सुविधाओं पर होने वाला व्यय रू. 194.04 करोड़ है।

इस आवासीय योजना में प्राधिकरण के आवासीय भूखंडों का आवंटन लॉटरी ड्रा के माध्यम से 230 आवंटियों को किया जा चुका है। एमवीडीए द्वारा इस योजना के तहत व्यावसायिक, ग्रुप हाउसिंग और संस्थागत प्लॉटों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।






गोविंद विहार


26.912 हेक्टेयर में फैली यह टाउनशिप लैंड पूलिंग स्कीम के अन्तर्गत नियोजित की गई है । इस योजना में 26.68 प्रतिशत विकसित भूखंड भूस्वामियों को प्रदान किया गया है। योजना की अवस्थापना सुविधाओं पर होने वाला व्यय रू. 182.23 करोड़ है।

इस आवासीय योजना में प्राधिकरण के आवासीय भूखंडों का आवंटन लॉटरी ड्रा के माध्यम से 121 आंवटियो को किया जा चुका है। प्राधिकरण द्वारा इस योजना के तहत व्यवसायिक, ग्रुप हाउसिंग एवं संस्थागत प्लाटों के लिए आवेदनप षीघ्र आमंत्रित किए जायेंगे।

ग्रीनफील्ड टाउनशिप – रहीमपुर फरह

93.00 हेक्टेयर में फैली यह ग्रीनफील्ड टाउनशिप ग्राम रहीमपुर (फरह) में मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अन्तर्गत विकसित की जा रही है। वर्तमान में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसमें अब तक 48.9475 हेक्टेयर भूमि का क्रय किया जा चुका है।

परियोजना की कुल लागत रू. 665.00 करोड़ है, जिसमें अवस्थापना, विकास एवं आधारभूत सुविधा सम्मिलित है।



ग्रीनफील्ड टाउनशिप – छाता

115.00 हेक्टेयर में प्रस्तावित यह टाउनशिप ग्राम छाता में विकसित की जा रही है। वर्तमान में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसमें अब तक 64.5573 हेक्टेयर भूमि का क्रय किया जा चुका है। परियोजना की कुल अनुमानित लागत रू. 835.00 करोड़ है, जिसमें अवस्थापना विकास एवं आधारभूत सुविधाएं सम्मिलित हैं।

मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा
राजकीय संग्रहालय, डैम्पियर नगर, मथुरा
Email: vcmvda2014@gmail.com | Website: www.mvdamathura.com
Follow us on

# ग्लोबल एग्रोटेक 2026 में बी.एल. एग्रो ने दिखाई कृषि नवाचार की शक्ति, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया शुभारंभ

लखनऊ(आरएनएस ) । बी.एल. एग्रो ने लखनऊ स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आरंभ हुए 'ग्लोबल एग्रोटेक 2026' प्रदर्शनी एवं सम्मेलन के प्रथम दिवस पर कृषि क्षेत्र में अपनी विविध क्षमताओं और नवाचारों का व्यापक प्रदर्शन किया। तीन दिवसीय इस आयोजन का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। उद्घाटन अवसर पर वरिष्ठ नीति–निर्माताओं, विभिन्न देशों के राजनयिक प्रतिनिधियों, कृषि वैज्ञानिकों, शोध संस्थानों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और प्रगतिशील किसानों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उद्यान, कृषि विपणन एवं निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह तथा प्रमुख सचिव, कृषि रविंदर भी मौजूद रहे।शुभारंभ के बाद उपमुख्यमंत्री ने बी.एल. एग्रो समूह के पवेलियन का अवलोकन किया और कृषि–खाद्य प्रसंस्करण, एकीकृत मूल्य श्रृंखला, दुग्ध विकास, वैज्ञानिक आनुवंशिकी एवं जीनोमिक अनुसंधान, कृषि तकनीक मंच तथा जलवायु आधारित जोखिम विश्लेषण तंत्र जैसे क्षेत्रों में समूह के योगदान की जानकारी प्राप्त की। समूह की सहायक इकाइयोंकृ लीड्स कनेक्ट, लीड्स जेनेटिक्स और लीड्स इंश्योरेंस ब्रोकर्सकृने भी अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया, जिससे कृषि की समग्र मूल्य श्रृंखला में समूह की सुदृढ़ होती भूमिका स्पष्ट हुई।ब्रजेश पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश तेजी से कृषि उन्नति और खाद्य प्रसंस्करण उत्कृष्टता का प्रमुख केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तकनीक आधारित कृषि सुधार, मूल्य संवर्धन और किसान सशक्तिकरण पर विशेष बल दे रही है। ऐसे आयोजन तकनीक, उद्यमिता और ग्रामीण विकास के बीच मजबूत सेतु का कार्य करते हैं और किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं।दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि यह अवसर भारतीय कृषि के अगले विकास चरण की दिशा तय करने का है। उत्तर प्रदेश देश की कृषि व्यवस्था में अग्रणी भूमिका निभाता है और सतत कृषि विकास के लिए सार्वजनिक–निजी सहभागिता मॉडल अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सभी संबंधित पक्षों को एक मंच पर लाकर दीर्घकालिक कृषि विकास की रूपरेखा तैयार करने का अवसर प्रदान करते हैं।कार्यक्रम पर टिप्पणी करते हुए बी.एल. एग्रो एवं आईसीएफए यूपीएसएसी के अध्यक्ष घनश्याम खंडेलवाल ने कहा कि यह आयोजन देश की कृषि यात्रा में



एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। कृषि क्षेत्र देश की सकल घरेलू उत्पाद में उल्लेखनीय योगदान देता है और बड़ी जनसंख्या की आजीविका इससे जुड़ी है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में उत्तर प्रदेश की कृषि मूल्य श्रृंखलाओं को सुदृढ़ करने, दुग्ध क्षेत्र के आधुनिकीकरण, कृषि वित्त की पहुंच बढ़ाने तथा तकनीक–सक्षम कृषि तंत्र को प्रोत्साहित करने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।उद्घाटन दिवस पर होटल रेडिसन लखनऊ सिटी सेंटर में 'उत्तर प्रदेश कृषि विकास बैठक' का आयोजन भी किया गया। बैठक की अध्यक्षता घनश्याम खंडेलवाल ने की, जिसमें अपर मुख्य सचिव, पशुपालन, दुग्ध एवं मत्स्य पालन मुकेश कुमार मेश्राम तथा प्रमुख सचिव, कृषि रविंदर सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कोट डी'आइवोर, क्यूबा, स्पेन और ब्राजील के राजनयिक प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता कर अंतरराष्ट्रीय सहयोग की संभावनाओं पर विचार–विमर्श किया।बैठक में विशेष रूप से पशुधन और दुग्ध क्षेत्र के रूपांतरण पर चर्चा हुई। इस अवसर पर ब्राजील की अग्रणी दुग्ध आनुवंशिकी एवं फार्म प्रबंधन कंपनी फजेंडा फ्लोरेस्टा के संस्थापक रोजेरियो बारोस और रोबर्टा बर्टिन बारोस ने वैज्ञानिक प्रजनन, जीनोमिक अनुसंधान और उन्नत प्रजनन तकनीकों के माध्यम से दुग्ध उत्पादन बढ़ाने तथा स्वदेशी नस्लों को सुदृढ़ बनाने के अनुभव साझा किए।

# सोरांव के दो लेखपाल एक लाख रिश्वत के साथ गिरफ्तार

## आफिस बनाकर ले रहे थे घूंस, एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा

प्रयागराज(आरएनएस )। एंटी करप्शन टीम ने दो लेखपालों को एक लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। महिला और पुरुष लेखपाल ने बकायदा एक कमरे का ऑफिस बना रखा था और जमीन संबंधित विवादों को वहां निपटाते थे। आख्या लगाने और मकान निर्माण कार्य को न रुकवाने के एवज ने दोनों ने एक लाख रुपये की डिमांड की थी। एंटी करप्शन टीम ने प्लान बनाकर ट्रैफिंग की और एक लाख रुपये घूंस लेते हुए दोनों को रंगे हाथ दबोच लिया। ।सोरांव तहसील के दोनों लेखपालों को शिवकुटी थाने लाकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार किए गए लेखपालों की पहचान राजशेखर (मलाक हरहर) और जूही मिश्रा (महरू डीह) के रूप में हुई है। टीम ने शिकायत मिलने के बाद जाल बिछाकर उन्हें पकड़ा। बताया जाता है कि दोनों लेखपाल 2024–25 बैच के हैं और सोरांव तहसील में उनकी यह पहली पोस्टिंग थी। राजशेखर फतेहपुर जनपद के निवासी हैं, जबकि जूही मिश्रा सुल्तानपुर की रहने वाली हैं। लंबे समय से उनके खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतें मिल रही थीं। लेखपालों ने एक कमरा किराए पर लेकर उसे अपना श्ऑफिसश बना रखा था। यहीं पर वे क्षेत्रीय लोगों से संबंधित कामकाज निपटाते थे और पैसों का लेनदेन भी करते थे।प्राप्त जानकारी के अनुसार नवाबगंज के आनापुर के रहने वाले अभयराज यादव पुत्र शंकरलाल यादव ने एंटी करप्शन में शिकायत दर्ज कराई थी। अपने प्रार्थना पत्र में कहा कि राजशेखर लेखपाल तहसील सोरांव उनसे रिश्वत की मांग कर रहा है। उन्होंने बताया कि उसकी पुश्तैनी जमीन पर आख्या लगाने और निर्माण कार्य न रोकने के एवज में 1,00,000 रुपये मांगे जा रहे हैं।अभयराज की शिकायत पर गुरुवार को एंटी करप्शन टीम की 14 सदस्यीय टीम ने ट्रैपिंग की। इंस्पेक्टर अलाउद्दीन अंसारी के नेतृत्व में शिवपुर मलाका लखनऊ रोड प्रयागराज के पास से लेखपाल राजशेखर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसके साथ ही जूही मिश्रा पुत्री स्वामीनाथ मिश्र निवासी लक्ष्मणपुर थाना टांडा जनपद अम्बेडकर नगर को पकड़ा गया। जूही का हाल पता न्याय नगर थाना धूमनगंज है।दोनों के कब्जे से रिश्वत के एक लाख रुपये ट्रैपिंग टीम ने बरामद किए। यह वहीं रुपये थे, जो अभयराज के जरिए रिश्वत दी गई थी। जूही अपने साथी लेखपाल राजशेखर के साथ मिलकर रिश्वतखोरी कर रही थीं। दोनों ने आफिस बनाकर घूस लेने का काम शुरू किया था।

# अग्रसेन भवन हेतु चिन्हित भूमि की कराई गई रजिस्ट्री

## श्री अग्रसेन अग्रवाल समाज का ऐतिहासिक क्षण, शीघ्र प्रारम्भ होगा भव्य निर्माण कार्य

प्रयागराज(आरएनएस )। बहुप्रतीक्षित अग्रसेन भवन के लिए चिन्हित भूमि की रजिस्ट्री 25 फरवरी को विधिवत कराई गई। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि सम्पूर्ण अग्रवाल समाज के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है, क्योंकि इसी भूमि पर समाज की दीर्घकालिक आकांक्षाओं को साकार करते हुए एक भव्य, आधुनिक एवं बहुउद्देशीय अग्रसेन भवन का निर्माण किया जाएगा।महाराजा अग्रसेन स्मृति न्यास, प्रयागराज के अध्यक्ष पियूष रंजन अग्रवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अग्रसेन भवन केवल एक भवन नहीं, बल्कि अग्रवाल समाज की एकता, सेवा भावना और सामाजिक समर्पण का जीवंत प्रतीक होगा। यह परियोजना आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी धरोहर सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित भवन का निर्माण व्यापक एवं आधुनिक सुविधाओं के साथ किया जाएगा। भवन परिसर में दो विशाल सभागार, लगभग 60 सुसज्जित कक्ष, पार्किंग क्षेत्र, भोजनालय, बहुउद्देशीय बैठक कक्ष, सुरक्षा व्यवस्था तथा सभी आधुनिक जन–सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। भूमि रजिस्ट्री के इस अवसर पर न्यास के महामंत्री मनोज अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र अग्रवाल (बिल्लू भैया), कोषाध्यक्ष प्रमेय मित्तल, आदेश गोयल, विपुल कुमार मित्तल, अभिषेक मित्तल, मुकेश अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल सहित समाज के अनेक वरिष्ठ सदस्यों ने उपस्थित होकर निर्माण कार्य की दिशा में हो रहे प्रयासों का स्वागत किया।इस संबंध में शीघ्र ही ट्रस्ट के सभी ट्रस्टियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें भवन निर्माण की प्रगति, कार्ययोजना, तकनीकी पहलुओं, समय–सीमा तथा समाज के सहयोग से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। मीडिया प्रभारी मनीष गर्ग ने कहा कि अग्रसेन भवन का निर्माण प्रयागराज में अग्रवाल समाज की संगठित शक्ति और सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रतीक बनेगा।

# सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन और हुड़दंग के खिलाफ लखनऊ पुलिस का विशेष अभियान, 326 व्यक्तियों पर कार्रवाई

लखनऊ,(आरएनएस )। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन और हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक विशेष अभियान चलाया। यह अभियान 25 फरवरी 2026 की रात 9 बजे से 11 बजे तक जनपद के सभी जोनों में एक साथ संचालित किया गया। अभियान के दौरान कुल 329 स्थानों पर सघन चेकिंग की गई और 2211 व्यक्तियों की जांच की गई, जिनमें से 326 व्यक्तियों को सार्वजनिक स्थल पर शराब पीते पाए जाने पर विधिक कार्रवाई करते हुए चालान किया गया।यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशों तथा संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) बबलू कुमार के पर्यवेक्षण में की गई। जनपद के सभी जोनों के पुलिस उपायुक्तों के नेतृत्व में सहायक पुलिस आयुक्तों और थाना प्रभारियों की टीमों ने अपने–अपने क्षेत्रों में सड़कों, पार्कों, बाजारों, बस अड्डों, चौराहों और अन्य भीड़–भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर अभियान चलाया।पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन कर हुड़दंग करते हैं, जिससे राहगीरों, महिलाओं और आम नागरिकों को असुविधा होती है तथा यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से सघन अभियान चलाने का निर्णय लिया।अभियान के दौरान मध्य जोन में 79 स्थानों पर 453 व्यक्तियों की जांच की गई, जिनमें 28 के खिलाफ कार्रवाई हुई। पूर्वी जोन में 58 स्थानों पर 378 व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान 33 लोगों का चालान किया गया। दक्षिणी जोन में 46 स्थानों पर 259 व्यक्तियों की जांच में 25 के खिलाफ कार्रवाई की गई। पश्चिमी जोन में सर्वाधिक 116 स्थानों पर 846 व्यक्तियों की जांच की गई, जहां 204 लोगों पर कार्रवाई हुई। उत्तरी जोन में 30 स्थानों पर 275 व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान 36 लोगों का चालान किया गया।पुलिस ने स्पष्ट किया कि सभी संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में ऐसी गतिविधियों से दूर रहने की कड़ी चेतावनी भी दी गई है। पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर ने कहा कि आमजन की शिकायतों के दृष्टिगत यह विशेष अभियान चलाया गया है और आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर कानून–व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध तत्काल और सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।लखनऊ पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे कानून का पालन करें और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या हुड़दंगई से दूर रहें।

# नाबालिग बटुकों की मेडिकल रिपोर्ट में यौन शोषण की पुष्टि

## बढ़ीं स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की मुश्किलें, पुलिस ने तेज की जांच

प्रयागराज(आरएनएस )। नाबालिग बटुकों से कथित यौन शोषण के आरोपों में घिरे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। सूत्रों के मुताबिक पुलिस द्वारा कराई गई मेडिकल जांच रिपोर्ट में पीड़ित दोनों नाबालिग बच्चों के साथ कुकर्म की पुष्टि होने की बात सामने आई है। बुधवार को पुलिस ने दोनों बच्चों का मेडिकल परीक्षण कराया था। शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने भी दावा किया है कि रिपोर्ट में यौन शोषण के संकेत स्पष्ट रूप से दर्ज हैं।

मामले में पुलिस ने जांच की रफ्तार तेज कर दी है। सूत्रों के अनुसार मेडिकल रिपोर्ट को अहम साक्ष्य के तौर पर केस डायरी में शामिल किया जा रहा है। यदि जांच में आरोप पुष्ट होते हैं तो स्वामी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। गिरफ्तारी की आशंका के बीच स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इस याचिका पर कल जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की एकल पीठ में सुनवाई होनी है। अदालत में पुलिस मेडिकल रिपोर्ट और अब तक जुटाए गए साक्ष्यों को प्रस्तुत कर सकती है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि अगर हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली तो पुलिस उन्हें किसी भी समय गिरफ्तार कर सकती है।

ज्ञात हो कि यह मामला प्रयागराज के झूसी थाने में दर्ज है। स्वामी और उनके शिष्य मुकुंदानंद गिरी सहित अन्य के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया है कि मामले की विवेचना जारी है और अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# भारत मंडपम में म्युनिसिपालिका-2026 सम्मेलन में शामिल हुई महापौर सुषमा खर्कवाल, लखनऊके विकास माडल पर रखे विचार

नई दिल्लीध्लखनऊ(आरएनएस )। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित तीन दिवसीय 'म्युनिसिपालिका–2026 अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सुरक्षित, स्मार्ट और सतत शहर समाधान सम्मेलन' के दूसरे दिन लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने भाग लिया। इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में देश–विदेश के शहरों के प्रतिनिधि, विशेषज्ञों और नगर निकायों से जुड़े अधिकारियों ने सहभागिता की। महापौर ने विभिन्न सत्रों में हिस्सा लेकर लखनऊ के समग्र विकास से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम की शुरूआत जल एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन सत्र से हुई, जिसमें शहरों में बेहतर जल प्रबंधन, चौबीसों घंटे स्वच्छ जल आपूर्ति, उपयोग किए गए जल के पुनः उपयोग, नदियों के संरक्षण तथा कम लागत वाली नई तकनीकों के उपयोग पर चर्चा की गई। महापौर ने कहा कि तेजी से बढ़ते शहरों में जल संरक्षण और सुनियोजित उपयोग अत्यंत आवश्यक है।इसके बाद स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और संसाधन पुनर्प्राप्ति विषय पर विचार–विमर्श हुआ। शहरों में कचरा कम करने, गीले और सूखे कचरे को अलग करने, कचरे से ऊर्जा उत्पादन, निर्माण अपशिष्ट के पुनः उपयोग और आधुनिक शहरी सफाई व्यवस्था पर जोर दिया गया। प्रदर्शनी कक्ष में विभिन्न संस्थाओं द्वारा नई तकनीकों का प्रदर्शन किया गया, जहां महापौर ने प्रतिनिधियों से संवाद भी किया।दोपहर में आयोजित परिचर्चा सत्र में किफायती आवास, भूमि और वित्त के बेहतर उपयोग, सार्वजनिक–निजी सहभागिता मॉडल के माध्यम से आवास निर्माण तथा नवीन आवासीय नवाचारों पर चर्चा हुई। इसके बाद शहरी अवसंरचना वित्तपोषण पर आयोजित सत्र में नगर निकायों के लिए धन जुटाने के नए उपाय, नगरपालिका बांड, हरित वित्त और परियोजनाओं को सुरक्षित ढंग से आगे बढ़ाने की व्यवस्थाओं पर मंथन हुआ। सम्मेलन में डिजिटल प्रशासन भी प्रमुख विषय रहा। नागरिक सेवाओं के लिए ऑनलाइन अनुमोदन प्रणाली, डिजिटल प्लेटफॉर्म, स्मार्ट उपयोगिता सेवाएं, साइबर सुरक्षा और आंकड़ा आधारित कर प्रणाली जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई, ताकि नागरिकों को सरकारी सेवाएं सहज और पारदर्शी ढंग से मिल सकें।इसके अतिरिक्त हरित भवन तकनीक, ऊर्जा संरक्षण प्रणाली, पर्यावरण अनुकूल निर्माण सामग्री और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। शहरी नेतृत्व, नागरिक सहभागिता और समावेशी नगर नियोजन पर भी विस्तृत चर्चा हुई।सम्मेलन में परिपत्र अर्थव्यवस्था, अपशिष्ट से ऊर्जा, त्वरित निर्माण तकनीक और सार्वजनिक निर्माण कार्यों की मजबूती जैसे विषय भी प्रमुख रहे।

# सीएमपी और हरे राम सेवा संस्थान ने मलिन बस्ती में बिखेरा संवेदना का रंग

प्रयागराज(आरएनएस )। होली के पावन पर्व से पूर्व इस वर्ष प्रयागराज में मानवता, सेवा और सामाजिक समरसता का एक अनूठा उदाहरण देखने को मिला। हरे राम सेवा संस्थान और सीएमपी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में मलीन बस्ती के सैकड़ों बच्चों के साथ रंगोत्सव मनाकर यह सिद्ध कर दिया कि त्योहार केवल रंगों का नहीं, बल्कि रिश्तोंऔर संवेदनाओं का उत्सव होता है।

यह कार्यक्रम संस्थान के अध्यक्ष एवं सीएमपी डिग्री कॉलेज, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अनंत सिंह के नेतृत्व में अत्यंत भव्य और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्ध महिलाओं को साड़ी, गुलाल, सैनेटरी पैड, दिव्यांगजनों को कपड़ा और दवा वितरित किया गया। वहीं बच्चों को खाद्य सामग्री, आवश्यक वस्तुएं, स्टेशनरी, वस्त्र एवं दैनिक उपयोग की कई सामग्रियां वितरित की गईं। स्वयंसेवकों ने बच्चों के साथ मिलकर रंग खेला, गीत–संगीत और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया तथा उन्हें आत्मीय संवाद के माध्यम से प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर सैकड़ों स्वयंसेवकों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। आयोजन की योजना, संसाधनों का प्रबंधन, वितरण व्यवस्था और सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालनकृहर स्तर पर युवाओं की संगठित टीम ने अनुकरणीय कार्य किया।

संस्थान के अध्यक्ष अनंत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि समाजसेवा केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन–दृष्टि है। हरे राम सेवा संस्थान की यह पहल प्रयागराज में सामाजिक समरसता और मानवता की एक सशक्त मिसाल बनकर उभरी है।

इस कार्यक्रम में सीएमपी कॉलेज से डॉ मनीष सिंह ,डॉ राम चिरंजीव पाल ,डॉ रितेश त्रिपाठी ,डॉ सपना मौर्य आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे स साथ ही साथ मंदीप, कुलदीप, ऋषभ, आस्था, ज्योति, दीपाली, अर्जिता, प्रणशी, भूमिका सिंह आदि छात्र और छात्रायें उपस्थित रहीं।

# चौपटिया में इच्छापूर्ति श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न, भक्तिऔर उल्लास से गूंजा क्षेत्र

लखनऊ,(आरएनएस ) । राजधानी लखनऊ के चौपटिया क्षेत्र स्थित फाटक जियालाल (गेट के अंदर पुराने पीपल के पास) में नवनिर्मित इच्छापूर्ति श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में गुरुवार को मूर्ति स्थापना एवं प्राण–प्रतिष्ठा का भव्य और दिव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति तथा उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण करती हुई पुनः मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बनाते रहे। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बढ़–चढ़कर सहभागिता निभाई, जिससे पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया।इसके उपरांत वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि–विधान के साथ इच्छापूर्ति श्री पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति की प्राण–प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। साथ ही मां भगवती दुर्गा जी तथा भव्य शिवलिंग के साथ शिव परिवार की स्थापना भी विधिपूर्वक की गई। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान मंदिर परिसर में आस्था और श्रद्धा का अनुपम दृश्य देखने को मिला।आचार्य नरेंद्र देव वार्ड के पार्षद मनीष रस्तोगी ने कहा कि श्रद्धालुओं की मान्यता है कि इच्छापूर्ति श्री पंचमुखी हनुमान जी की आराधना से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन के संकटों का नाश होता है। उन्होंने बताया कि मंदिर का निर्माण क्षेत्रवासियों के सहयोग और सामूहिक प्रयास से संभव हुआ है, जो सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का प्रतीक है।सायं 4 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद सायं 7 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया, जो देर रात तक चलता रहा। भजन संध्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया और वातावरण को पूर्णतः आध्यात्मिक बना दिया।कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित भक्तों ने क्षेत्र में सुख–शांति, समृद्धि और सद्भाव की कामना की।

## जनसुनवाई में मंत्री ए.के. शर्मा ने अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

लखनऊ,(आरएनएस ) । नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने आज अपने आवास पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित, पारदर्शी तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान विद्युत कनेक्शन से जुड़े प्रकरण, विद्युत बिलों में त्रुटि सुधार, सीवर लाइन की समस्याएं, नए निर्माण कार्यों की स्वीकृति, क्षतिपूर्ति भुगतान सहित विभिन्न स्थानीय जनसमस्याएं प्रमुख रूप से उठाई गईं।

# आजाद भारत में गुलामी प्रथा नहीं चलेगी- महिला शिक्षक संघ

प्रयागराज(आरएनएस )। जिलाधिकारी के माध्यम से आज प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा गया। इसमें शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता संबंधी सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले तथा राइट टू एजुकेशन अधिनियम, 2009 की धारा 23 में 2017 के संशोधन द्वारा थोपी गई व्यवस्था के विरुद्ध कड़ी आपत्ति जताई गई।

वक्ताओं ने कहा कि यह फैसला आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्य करने के विरुद्ध है, जो संवैधानिक सिद्धांतों एवं पूर्वव्यापी प्रभाव के सामान्य नियमों के प्रतिकूल है। कोई भी कानून और नियम परिवर्तन सामान्यतः भविष्य की तिथियां से लागू नहीं किए जाते हैं। इससे उत्तर प्रदेश में लगभग 2 लाख तथा देशभर में 20 लाख से अधिक शिक्षकों का भविष्य संकटग्रस्त हो गया है। निरंतर मानसिक दबाव से उनकी स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ रही है तथा समाज में नकारात्मक भावना व्याप्त हो रही है।

जिलाध्यक्ष अनुरागिनी सिंह के द्वारा शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्री से गुहार लगाई जाती है कि हमारी नियुक्ति का मापदंड 2011 से पूर्व जो था उसमें अब यह नया मापदंड क्यों लागू किया जा रहा है? क्यों हमें मानसिक रूप से प्रताड़ित करा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हम गुणवत्ता के विरोधी नहीं हैं। हम शिक्षा सुधार के विरोधी नहीं हैं। हम केवल और केवल यह कहना चाहते हैं कि 10 –15 –20 वर्षों की तपस्या के पश्चात हमें ऐसा दंड न दिया जाए। ज्ञापन सौंपने के अवसर पर जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी तथा सैकड़ो की संख्या में महिला शिक्षक उपस्थित रहे। जिले की महामंत्री संगीता सिंह भदौरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कविता त्रिपाठी, मंत्री रितु सिंह, मोनिका द्विवेदी, अल्का जायसवाल, मृदुला तिवारी, पूनम यादव ,रचना भटनागर, सुनीता सिंह, प्रितपाल कौर त्रिपाठी, इन्दु सिंह, बरखा बाजपेयी, नीता उपाध्याय, शुचिता पाण्डेय, निधि सिंह, अलका शर्मा, ललिता तिवारी समस्त ब्लॉक के अध्यक्ष कहकंशा अनवर, श्वेता अनुक्रम, सरबजीत कौर, सरिता सिन्हा , दीप्ति, कल्पना शुक्ला,अमृता सिंह, पुष्पलता सिंह, हेमलता सरिता सिन्हा, पूनम शिखा पांडे समेत सैकड़ों शिक्षिकाओं ने इस रैली में प्रतिभाग किया और अपनी आवाज को बुलंद किया।

# मंडल आयुक्त व डीएम पहुचे लम्भुआ तहसील, निरीक्षण से मचा हड़कंप

सुलतानपुर(आरएनएस )। राजेश कुमार (मंडल आयुक्त, अयोध्या मंडल) और कुमार हर्ष (जिलाधिकारी, सुलतानपुर) ने आज लम्भुआ तहसील पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण की सूचना मिलते ही तहसील परिसर में अफरा–तफरी मच गई और कर्मचारी फाइलों को दुरुस्त करने में जुट गए। निरीक्षण के दौरान राजस्व अभिलेखों, विकास कार्यों की प्रगति, जन शिकायतों के निस्तारण और कार्यालयी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों से जानकारी ली और कई महत्वपूर्ण अभिलेखों की जांच



भी की। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी तेज रही कि क्या इस निरीक्षण में वास्तविक कमियां सामने आएंगी या फिर सब कुछ गुलाबी फाइलों में ही दबकर रह जाएगा। आमजन को उम्मीद है कि यह निरीक्षण सिर्फ औपचारिकता न बनकर जमीनी स्तर पर सुधार लाने का माध्यम बनेगा। मंडल आयुक्त और डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का जल्द निस्तारण किया जाए और जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब देखना यह होगा कि इस निरीक्षण के बाद व्यवस्थाओं में कितना सुधार आता है और जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होती है।

# मासूम छात्रा का गाल काटने वाले शिक्षामित्र गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज पहुचे हवालात

भदैयाध्सुलतानपुर(आरएनएस )। देहात कोतवाली क्षेत्र के नारायणपुर बिसानी (दुबेपुर शिक्षा क्षेत्र) स्थित प्राथमिक विद्यालय में कक्षा दो की मासूम छात्रा से अश्लील हरकत के आरोप में शिक्षामित्र वत्सल्य प्रसाद मिश्रा के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को हवालात में रखकर पूछताछ की गई और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। परिजनों के मुताबिक शिक्षामित्र ने कई बार छात्रा के साथ अनुचित स्पर्श किया। बच्ची ने आरोप लगाया कि एक दिन उसके गाल पर



दांत से काट लिया गया। घटना की जानकारी घर पहुंचकर देने पर परिवार ने गंभीरता से मामला उठाया और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। मामले की जांच जारी है। शिक्षा विभाग भी विभागीय स्तर पर कार्रवाई की तैयारी में जुट गया है। देहात कोतवाल धर्मवीर सिंह ने मुकदमा दर्ज होने और गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

# कालेज की मासिक ई पत्रिका का सत्ताईसवां अंक लोकार्पित

सुलतानपुर(आरएनएस )। राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय की मासिक ई पत्रिका प्रतिबिम्ब के सत्ताईसवें अंक का गुरुवार को आनलाइन लोकार्पण हुआ। यह जानकारी देते हुए पत्रिका के प्रधान सम्पादक असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने तीसरे वर्ष के तीसरे अंक की पीडीएफ फाइल को महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों व अभिभावकों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जारी कर दिया है। इस अंक में होली पर विशेष कविताएं भी हैं। पत्रिका विद्यार्थियों के साथ ही अन्य लोगों के बीच भी तेजी से शेयर की जा रही है। उल्लेखनीय है कि राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय क्षेत्र का इकलौता महाविद्यालय है जहां से हर महीने ई पत्रिका का प्रकाशन होता है। जिसकी शुरुआत और संचालन का पूरा श्रेय पत्रिका के प्रधान संपादक असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि को है ।

# डीसी एनआरएलएम ने किया ब्लॉक का निरीक्षण

मोतिगरपुरध्सुलतानपुर(आरएनएस )। डीसी एनआरएलएम के.डी. गोस्वामी ने गुरुवार को मोतिगरपुर ब्लॉक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीसी रुम, पंचायत कार्यालय, मनरेगा सेल,एनआरएलम डेस्क का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक सुधार के साथ मातहतो को स्टोर रूम मे निष्प्रयोज सामान की नीलामी व ग्रांट रजिस्टर में पड़े पुराने मदों के अवशेष पैसों का खर्चा या मदो में वापस करने का निर्देश दिया। गुरुवार को ब्लॉक मे डीसी एनआरएलम के निरीक्षण से कर्मचारियों में हलचल रही। उन्होंने बीसी रूम, पंचायत कार्यालय, मनरेगा सेल और एनआरएलएम डेस्क का निरीक्षण किया। कार्यालय मे टूटे फर्नीचर को दुरुस्त व खुले मे रखी बैटरी पर कवर लगाने का कर्मचारियों को निर्देश के साथ ही कार्यालय परिसर, शौचालय और अन्य कक्षों की साफ–सफाई की स्थिति परखी तथा स्वच्छता व्यवस्था नियमित बनाए रखने पर जोर दिया। वरिष्ठ सहायक पटल पर जीपीएफ व सर्विस पासबुक अद्यतन नहीं पाया गया। एक सप्ताह मे व स्टोर रूम में निष्प्रयोग पाए गए सामानों की नीलामी के साथ ग्रांट रजिस्टर में पुराने मदों के पैसे अवशेष रहने पर खर्च या मदो में वापस करने का निर्देश दिया। डीसी ने कार्यालय में विकास संबंधी फाइलों की गहन जांच की। स्वयं सहायता समूहों के गठन एवं बैंक प्रगति, सीआईएफ वितरण अभिलेख, मनरेगा मास्टर रोल, पंचायत विकास कार्य योजना जीपीडीपी के दस्तावेज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति सूची, ग्राम संगठन एवं क्लस्टर स्तरीय संघ की प्रगति रिपोर्ट के साथ वित्तीय लेखा–जोखा एवं ऑडिट रजिस्टर का अवलोकन किया। अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी निशा तिवारी, एडीओ समाज कल्याण ओपी सिंह, राजकिशोर सिंह, प्रभारी एडीओ पंचायत नितेश सिंह, संजय मिश्र, खंड प्रेरक आशीष पांडेय, सचिन कुमार, शुभम कुमार तथा बीएमएम धर्मेंद्र सिंह आदि ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे।

# शान में गुस्ताखी न हो इस लिए कलेक्ट्रेट में नाकेबंदी

सुलतानपुर(आरएनएस )। कलेक्ट्रेट में गुरुवार को कमिश्नर व डीआईजी की समीक्षा बैठक में जिले के बड़े साहब की शान में खलल न पैदा हो और बड़े साहब के शान में गुस्ताखी न हो इस लिए कलेक्ट्रेट गेट के अंदर बैरियर लगाकर नाकेबंदी की गई है। अगर कोई बलपूर्वक घुसने का प्रयास करे तो उसके लिए पुलिस तैनात कर दी गई है। यह कोई मजाक नही। यह वास्तविक सीन है गुरुवार को जब कमिश्नर और डीआईजी मीटिंग करें तो उनकी परछाई भी कोई न देख पाए। यह सब सिर्फ सरकारी तंत्र के लिए ही एलाऊ है। बैठक में हुई कमियां निकलकर बाहर न आए इस लिए मीडिया पर भी पहरा है। अगर कोई बड़ी मुश्किल के बाद साहबों के इर्द गिर्द पहुंच भी जाता है तो उसके लिए जिला सूचना अधिकारी दरवान की तरह जमे हैं। रामराज की झलक सिर्फ रोड से पा सकते हैं। इसी लिए सूचना अधिकारी की ओर से कमिश्नर व डीआईजी के कार्यक्रम को गोपनीय रखा गया है। शायद इसी लिए और सूचना अधिकारी की ओर से मीडिया को जानकारी भी नहीं दी गई। ताकि बंद कमरे की शोरगुल मीडिया तक न पहुंचे पाए।

# लैंगिक समानता के प्रति जागरूक होना जरूरी-सविल जज

जौनपुर(आरएनएस )। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीवानी न्यायालय एवं मोहम्मद हसन पी. जी. कॉलेज, जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में लैंगिक समानता, पर जागरूकता संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में विधिक जागरूकता को सुदृढ़ करना, घटते बाल लिंगानुपात के प्रति चेतना विकसित करना तथा महिला एवं बालिका संरक्षण के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना रहा। अध्यक्षता दीवानी बार काउंसिल के अध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव ने की। उन्होंने कहा, "लैंगिक समानता केवल सामाजिक आवश्यकता नहीं, बल्कि संवैधानिक दायित्व भी है, जिसे हम सभी को मिलकर सशक्त करना होगा।" मुख्य वक्ता सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर सुशील कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा, "राष्ट्रीय लोक अदालत एवं स्थायी लोक अदालत न्याय को सरल, त्वरित और किफायती बनाती हैं, जिससे आमजन को न्याय सुलभ हो पाता है।" उन्होंने पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी देते हुए भ्रूण लिंग परीक्षण को दंडनीय अपराध बताया और समाज से बालिका संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। संयोजक डॉ. अब्दुल कादिर खाँ ने कहा, "समाज में जागरूकता और शिक्षा ही लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने का सबसे प्रभावी माध्यम है।"

# डिप्टी सीएम की फोटो दिखाकर जलाशय पर बना विद्यालय, एसडीएम ने खतौनी में किया संशोधन



सुल्तानपुर(आरएनएस )। जिले के अलीगंज बाजार स्थित मनियारी गांव में सार्वजनिक जलाशय की भूमि पर विद्यालय और दर्जन भर से अधिक आवासीय भवन बनाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार की कार्रवाई करते हुए एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी ने संबंधित भूमि को पुनः जलाशय की श्रेणी में दर्ज कर दिया है।बताया जा रहा है कि गाटा संख्या 622, क्षेत्रफल लगभग 50 बिस्वा भूमि पर निर्माण पब्लिक स्कूल समेत कई मकान निर्मित हैं। आरोप है कि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक की फोटो दिखाकर अफसरों पर दबाव बनाया गया और निर्माण कार्य कराया गया। मामले में तत्कालीन जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर से रिपोर्ट तलब की थी। तहसीलदार ने उच्च न्यायालय के हिंच लाल बनाम सरकार रिट का हवाला देते हुए अपनी आख्या प्रस्तुत की थी,जिसमें भूमि की नवईयत त्रुटिवश परिवर्तित होने की बात कही गई थी। जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए राजस्व वाद दर्ज कर एसडीएम सदर को अभिलेख संशोधन का निर्देश दिया था। आदेश के अनुपालन में एसडीएम सदर ने खतौनी में संशोधन कर भूमि को जलाशय के रूप में दर्ज कर दिया। इससे निर्माण पब्लिक स्कूल के प्रोपराइटर राजेश दूबे सहित अन्य भवन स्वामियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सूत्रों के अनुसार विद्यालय और आवासीय भवनों को बचाने के लिए राजनीतिक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। अब निगाहें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। प्रशासनिक हलकों में चर्चा है कि सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत अवैध अतिक्रमण पर कठोर कदम उठाए जा सकते हैं।

# संतराम अग्रहरि हत्याकांड में भाजपा नेता व भाई के खिलाफ वारंट

## सीजेएम कोर्ट का गिरफ्तारी आदेश

सुलतानपुर(आरएनएस )। बहुचर्चित संतराम अग्रहरि हत्याकांड में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने मामले में नामजद भाजपा नेता अर्जुन पटेल और उनके भाई प्रदीप वर्मा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। गौरतलब है कि 8 अक्टूबर 2024 की रात दोस्तपुर थाना क्षेत्र के गोसैसिंहपुर में संतराम अग्रहरि की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें नौ आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। परिजनों का आरोप है कि भाजपा नेता और उनके भाई को शुरुआत से ही बचाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट का भी रुख किया, लेकिन राहत नहीं मिली। इसके बावजूद अब तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी। मृतक की पत्नी ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय और सुरक्षा की मांग की है।

# कोर्ट ने आरोपी को लगी चोट नहीं दर्शाने पर डाक्टर को किया तलब

सुलतानपुर(आरएनएस )। जानलेवा हमले एवं एससी–एसटी एक्ट समेत अन्य आरोपो से जुड़े मामले में आरोपी शिवम सिंह व छोटू गुप्ता उर्फ कृष्णा को गिरफ्तार कर बुधवार को स्पेशल जज एससी–एसटी एक्ट जज राकेश पांडेय की अदालत में पेश किया गया। मामले में रिमांड पर सुनवाई के दौरान अदालत में पेश आरोपी की शरीर पर चोट का निशान दिखने के बावजूद प्रस्तुत की गई मेडिकल रिपोर्ट में चोट का जिक्र नहीं करने की वजह से अदालत ने मामले में चिकित्सक की कार्यशैली पर संज्ञान लिया है। अदालत ने मामले में आरोपियो का मात्र दो दिन का रिमांड स्वीकार किया है। स्पेशल जज ने मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए चिकित्सा अधिकारी डॉ एसपी शुक्ला को व्यक्तिगत रूप से 27 फरवरी के लिए तलब किया है। कादीपुर कोतवाली के बनकेगांव के रहने वाले वादी प्रदीप कुमार ने बीते 21 फरवरी की घटना बताते हुए स्थानीय कोतवाली के सराय कल्याण गांव के रहने वाले आरोपी शिवम सिंह व छोटू गुप्ता उर्फ कृष्णा के खिलाफ हमले एवं एससी– एसटी एक्ट सहित अन्य आरोपो में मुकदमा दर्ज कराया है। मामले की जांच सीओ कादीपुर को मिली है। दोनों आरोपियो पर इनाम घोषित रहने की भी जानकारी मिली है। मामले में पुलिस ने बुधवार को दोनों आरोपियो को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। उनकी न्यायिक रिमांड पर सुनवाई के दौरान आरोपी शिवम सिंह के शरीर पर पर्याप्त चोट दिखने के बावजूद उसका जिक्र तैयार की गई मेडिकल रिपोर्ट में करने के बजाय उसे छिपाने पर इसे कानून का उल्लंघन व बड़ी लापरवाही मानते हुए अदालत ने डॉक्टर को व्यक्तिगत रूप से तलब किया है।

# निर्माण पर दलालों का शिकंजा, जेब गरम करो, वरना नोटिस पक्की

सुल्तानपुर(आरएनएस )। नगर से लेकर तहसील क्षेत्र तक इन दिनों भवन निर्माण मानो सिस्टम के रहमोकरम पर चल रहा है। हालात ऐसे हैं कि अगर कोई आम या खास व्यक्ति अपना घर या दुकान बनाना चाहता है, तो उसे पहले कुछ चुनिंदा दलालों की चौखट पर हाजिरी देनी पड़ती है। जेब गरम कर दी तो सब ठीक वरना नोटिस और कार्रवाई तय मानिए।

सूत्र बताते हैं कि इन दलालों का नेटवर्क राजस्व और विनियमित विभाग तक गहरी पैठ बनाए हुए है। फाइलों की रफ्तार, नोटिस की टाइमिंग और कार्रवाई की धार सब कुछ पैसों की गर्मी पर निर्भर बताया जा रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरे खेल में कुछ राजस्व कर्मी, कुछ कलमकार, कुछ कानून के जानकार माने जाने और संगठन चलाने वाले सफेदपोश चेहरे भी शामिल बताए जा रहे हैं। मॉडल सीधा है निर्माण की भनक लगते ही चुगली और दबाव की रणनीति। पहले डर पैदा करो, फिर समाधान का ऑफर दो। अगर मोटी रकम मिल गई तो मामला रफा–दफा नहीं तो नियम–कायदों की पूरी किताब खोल दी जाती है। सवाल यह है कि जब नियम सबके लिए समान हैं तो कार्रवाई का तराजू पैसे के हिसाब से क्यों झुकता है। जनता पूछ रही है क्या निर्माण अब अधिकार नहीं



सौदेबाजी का जरिया बन चुका है और क्या जिम्मेदार अधिकारी इस खेल से वाकिफ नहीं हैं या फिर मौन ही उनकी सहमति है। जब तक इस गठजोड़ पर सख्त लगाम नहीं लगेगी, तब तक आम आदमी का सपना अपना घर दलाली की भेंट चढ़ता रहेगा।

# आधी रात को घर में लगी आग, लाखों का नुकसान

सुल्तानपुर(आरएनएस )। सदर तहसील क्षेत्र के धनपतगंज ब्लॉक स्थित केवटली ग्राम पंचायत



के पूरे दत्ता राय निवासी राज नारायण कोरी पुत्र राम किशोर कोरी के घर में आधी रात को आग लग गई। जिससे उनकी पूरी गृहस्थी जल गई। आग से लाखों का नुकसान हुआ है। तीन बकरियां झुलसकर मर गई।इसके अलावा एक पडिया भी झूलस ने से गंभीर है। तीन लोग भी आग से जल गए हैं। डायल 112 मौके पर पहुंची। इसके पहले ग्रामीणों ने एकजुट होकर के आग पर काबू पाया सूचना पर गुरुवार को हल्का लेखपाल कमलेश मौके पर पहुंचे। और नुकसान का आकलन कर और उपजिलाधिकारी बल्दीराय प्रवीण कुमार को रिपोर्ट देने की बात कही है। बसपा नेता हंसराज भारती ने बताया कि पीड़ित राज नारायण कोरी की माली हालत ठीक नहीं है। उन्होंने प्रशासन से सहायता प्रदान करने की मांग की है।

# पुलिस प्रशासन ने चेयरमैन प्रतिनिधि को भी नहीं घुसने दिया,अभद्रतापूर्ण व्यवहार से पुलिसकर्मी आए पेश

## -बरसाना वासियों के आधारकार्ड दिखाने के बाद भी पुलिस द्वारा की गई अभद्रता

## -पुलिसकर्मियों के प्रति बरसानावासियो मे भारी आक्रोश

(बरसाना)(ए.के.शर्मा )

प्रदेश मे ही नहीं बल्कि देश–विदेश तक बरसाना स्थित सुप्रसिद्ध विख्यात राधारानी मे होली का पर्व अपने आप मे महत्वपूर्ण स्थान रखता है।बरसाना की दो दिवसीय सुविख्यात होली के पर्व मे बड़ी दूर दराज से लोगो का आवागमन होता है जिसके लिए एक माह पूर्व से आदर्श नगर पंचायत बरसाना और मंडल एवं जिले स्तर से पुलिस और प्रशासन के आला अफसर व्यवस्थाओ को सुचारु एवं बेहतरीन बनाने के उद्देशय से तैयारीयों मे लगे रहते है जिसके लिए लगातार जायजा गतिमान रहता है। वही नगर पंचायत बरसाना के चेयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी अपने कार्यकाल के दौरान बरसाना की सुप्रसिद्ध दो दिवसीय होली को अपने आप मे भव्य रूप और चारो तरफ सुचारु व्यवस्था बनाए रखने के साथ–साथ सफाई व्यवस्था, बाहर से आने वाले श्रदालुओं की किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था का सामना न करना पड़े इसके लिए दिन रात कड़ी मशक्कत मे लगे रहे है।बरसाना मे सुचारु व्यवस्था बनाए रखने के लिए बेरियरो को स्थापित किया गया है लेकिन बेरीयरो मे लोकल बरसाना के स्थानीय निवासियों को बेरियरो पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा सुचारु रूप बनाए रखने की जगह अभद्रतापूर्ण बनाकर उनके व्यवहार से भारी समस्याओं से जूझना पड़ा इतना ही नहीं आम स्थानीय निवासियों की बात तो दूर स्वयं चेयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी को ही बैरियर संख्या–23 निकट गंगा देवी स्कूल पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा नहीं बख्शा गया उनकी गाडी को अंदर जाने की बात तो दूर बैरियर पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा जो अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया गया वो काबिले तारीफ रहा इससे बरसाना वासियो मे काफी आक्रोश व्याप्त है। पुलिस और प्रशासन के आला अफसर प्रत्येक वर्ष होली के पावन पर्व पर यही विश्वास दिलाते है की किसी के साथ अशोभनीय व्यवहार नहीं किया जायेगा लेकिन अपने विश्वास पर खरे नहीं उतर पाते है जिससे लोगो मे भारी आक्रोश व्याप्त हो जाता है।

# हैलिकॉप्टर से श्री राधारानी मन्दिर और श्रृद्धालुओं पर बरसाये पुष्प

## -कई वर्षो से लगातार पुष्प वर्षा करते आ रहे हैं पूर्व चेयरमैन बलराज चौधरी

## -पूज्य विनोद बाबा महाराज ने भी भी बरसाये पुष्प

(बरसाना)(ए.के.शर्मा )

विश्व प्रसिद्ध लठामार होली पर कई वर्षों से लगातार श्री राधारानी मन्दिर और हुरियारों, हुरियारिनों सहित श्रृद्धालुओं पर बरसाना के पूर्व चेयरमैन बलराज चौधरी पुष्प वर्षा करते चले आ रहे हैं। इस वर्ष पूज्य विनोद बाबा महाराज ने भी हेलीकॉप्टर में बैठ आसमान से वृषभानु नन्दनी और हुरियारे हुरियारिनों सहित श्रृद्धालुओं पर पुष्प बरसा की। 20 वर्ष पूर्व बलराज चौधरी बरसाना ब्रजवासियों की सेवा व भजन करने बरसाना आये थे। ब्रजवासियों की सेवा, समाजसेवा और भक्ति ने धीरे धीरे बरसानावासियों का प्रिया बना दिया और फिर समाजसेवी और भक्ति से बरसाना वासियों की सेवा के लिए राजनीति में कदम रखा जो पूर्व में बरसाना के चौयरमेन बने। बलराज चौधरी श्री राधारानी की सेवा के साथ सन्त और ब्रजवासियों की सेवा किसी न किसी रूप में आज भी करते चले आ रहे।



# रंगभरनी एकादशी पर लाखों श्रदालुओं की सुरक्षा और सुगमता के लिए पुलिस प्रशासन ने की पुख्ता व्यवस्था

## -भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए रहेंगी हाइटेक व्यवस्था

(वृंदावन)(ए.के.शर्मा )

रंगभरनी एकादशी के पावन अवसर पर वृंदावन में उमड़ने वाली लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। कान्हा की नगरी में जनसैलाब को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन उपलब्ध कराने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

पुलिस अधीक्षक नगर मथुरा राजीव कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर (मथुरा) द्वारा थाना वृंदावन क्षेत्रांतर्गत परिक्रमा मार्ग पर पैदल मार्च किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए मौके पर मौजूद पुलिस बल को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।



पैदल मार्च के दौरान परिक्रमा मार्ग सहित आसपास के प्रमुख मार्गों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थलों का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को सतर्क रहकर ड्यूटी करने, श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक नगर ने कहा कि त्योहारों के दौरान कानून–व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए लगातार गश्त, फुट पेट्रोलिंग एवं त्वरित रिस्पॉन्स टीमों को सक्रिय रखा गया है। पैदल मार्च से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता का संदेश गया और आमजन में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। भीड़ नियंत्रण और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए इस बार तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। प्रमुख चौराहों मंदिरों और परिक्रमा मार्ग पर हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिनकी निगरानी कंट्रोल रूम से 24 घंटे की जाएगी। ऊंचे स्थानों पर वॉच टावर स्थापित किए गए हैं जहां से पुलिस अधिकारी भीड़ की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। श्रद्धालुओं को दिशा–निर्देश देने और आपात स्थिति में सूचना साझा करने के लिए लगातार अनाउंसमेंट की व्यवस्था की गई है। नगर को जाम की स्थिति से बचाने के लिए विस्तृत ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सादी वर्दी और वर्दीधारी महिला पुलिसकर्मियों की विशेष टीमें भी तैनात रहेंगी।

अधिकारियों ने श्रद्धालुओं से निर्धारित मार्गों का उपयोग करने अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है। निरीक्षण के दौरान सीओ सदर पीतमपाल सिंह कोतवाली प्रभारी संजय कुमार पांडेय सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# भारतीय डाक विभाग का सिंधिया ने कर दिया कायाकल्प, गांव से ग्लोबल तक पहुँच हुई और आसान

डाकघर मल्टी–सर्विस सेंटर के रूप में भी तेजी से काम कर रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, आधार नामांकन केंद्रों ने अब तक 14.45 करोड़ लेन–देन किए हैं। पासपोर्ट सेवा केंद्रों में 2.05 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए। 13,000 से अधिक डाकघरों में झ्ल्ब सेवाएं दी जा रही हैं। भारतीय डाक अब सिर्फ चिट्ठी–पत्री पहुंचाने वाला विभाग नहीं रहा बल्कि यह तेज, तकनीक–सक्षम और बहुआयामी सेवा नेटवर्क में बदल चुका है। इस बदलाव के केंद्र में संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की स्पष्ट सोच, कड़े फैसले और आधुनिक दृष्टि दिखाई देती है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में डाक विभाग ने अपने कामकाज को तीन बड़े स्तंभों पर खड़ा किया है। इसके तहत राजस्व बढ़ाने, कामकाज की गति को तेज और आसान बनाने तथा जमीनी स्तर पर कर्मचारियों को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है।वित्तीय आंकड़े इस बदलाव की गवाही देते हैं। वित्त वर्ष 2025–26 की पहली तीन तिमाहियों में डाक विभाग की कुल आय 10,211 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 8.8: अधिक है। खास बात यह है कि ब्ब (सिटिजन सेंट्रिक सर्विसेज) में लगभग 95: की जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज हुई। साथ ही पार्सल और अन्य सेवाओं में भी दो अंकों की वृद्धि हुई है।'24 स्पीड पोस्ट पार्सल' सेवा के तहत अब बड़े शहरों के बीच अगले दिन डिलीवरी यानि 24 घंटे के भीतर सामान पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे शहरों में इसका पायलट चल रहा है और 95: से अधिक डिलीवरी सफलता दर हासिल की गई है। इस सेवा के तहत पैकेजिंग को नया रूप दिया गया है, पोस्टमैन बैग बदले गए हैं और त्थ्च व टेलीमैटिक्स जैसी तकनीक अपनाई जा रही है। स्पीड पोस्ट और रजिस्टर्ड पोस्ट को मिलाकर प्रक्रियाएं सरल भी की गई हैं। दूरदराज इलाकों में ड्रोन से डिलीवरी का पायलट चल रहा है, जबकि महानगरों में ई–वाहनों से लास्ट माइल डिलीवरी शुरू की गई है।इसके अलावा, निर्यात और डैडम् को नई ताकत देने के लिए देशभर में 1000 से अधिक 'डाक निर्यात केंद्र' बनाए गए हैं। इनके माध्यम से 13 लाख कंसाइनमेंट भेजे गए, जिनकी कुल निर्यात कीमत 303 करोड़ रुपये रही और 135 देशों तक सामान पहुंचाया गया। अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा के लिए विशेष पायलट भी चल रहा है।डाकघर मल्टी–सर्विस सेंटर के रूप में भी तेजी से काम कर रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, आधार नामांकन केंद्रों ने अब तक 14.45 करोड़ लेन–देन किए हैं। पासपोर्ट सेवा केंद्रों में 2.05 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए। 13,000 से अधिक डाकघरों में झ्ल्ब सेवाएं दी जा रही हैं। साथ ही ठैछर, ैप्क्ठ, ।ड्थ्, ठैम और छैम के साथ समझौते कर डाकघरों को वित्तीय और डिजिटल सेवाओं का केंद्र बनाया गया है। इसके अलावा, बीमा और बैंकिंग में भी विस्तार किया जा रहा है। अभी डाक जीवन बीमा की 1.24 करोड़ सक्रिय पॉलिसियां हैं और 2.27 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति प्रबंधन में है। विभाग ने 2028–29 तक 70: कामकाज ऑनलाइन करने का लक्ष्य रखा है। आंकड़ों के मुताबिक, डाक बचत बैंक में 37.36 करोड़ खाते हैं और इनमें 21.77 लाख करोड़ रुपये जमा हैं। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के 12.91 करोड़ खाते हो चुके हैं। ई–केवाईसी और वीडियो केवाईसी जैसी डिजिटल सुविधाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। तकनीक और ढांचे में सुधार की बात करें तो डाकघरों का पुनर्गठन किया गया है। स्पीड पोस्ट और रजिस्टर्ड पोस्ट की प्रोसेसिंग को एक किया गया है। नए एर्गोनोमिक काउंटर, स्मार्ट बुकिंग मशीन और मोबाइल–वेब चौनल शुरू किए गए हैं। साथ ही ग्रामीण डाक सेवकों के सम्मान और संवाद के लिए देशभर में ळवै सम्मेलन आयोजित किए गए, जिनमें 8,000 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। विभाग के सूत्रों का कहना है कि मार्च 2026 तक 100 "एन–जन" पोस्ट ऑफिस शैक्षणिक परिसरों में खोले जाएंगे, जहां वाई–फाई, कॉफी कॉर्नर और आधुनिक डिजाइन जैसी सुविधाएं होंगी। इसका लाभ यह होगा कि माता पिता अपने बच्चों को कोई सामान सीधे उनके शैक्षणिक संस्थान के भीतर स्थित डाक घर में भेज सकेंगे और छात्र भी कोई सामान उसी डाक घर से बाहर भेज सकेंगे।देखा जाये तो केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया इन सुधारों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन को जमीन पर उतारते दिख रहे हैं, जिसमें सरकारी सेवाएं सस्ती, सुलभ और डिजिटल हों। 'डिजिटल इंडिया', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'सबका साथ, सबका विकास' जैसे अभियानों की झलक डाक विभाग के इस कायाकल्प में स्पष्ट दिखाई देती है। गांव–गांव तक फैले डाक नेटवर्क को डिजिटल पहचान, बैंकिंग, बीमा, निर्यात और ई–कॉमर्स से जोड़कर आम नागरिक को उसके घर के पास ही आधुनिक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कम लागत में तेज सेवा, तकनीक आधारित पारदर्शिता और अंतिम पंक्ति तक पहुंच, यही वह मॉडल है, जिसके जरिए डाक विभाग को नए जमाने की जरूरतों के अनुरूप ढाला जा रहा है। उल्लेखनीय है कि भारतीय डाक विभाग कभी धीमी और परंपरागत व्यवस्था का प्रतीक माना जाता था। लेकिन आज तस्वीर बदल रही है। यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि ठोस रणनीति, तकनीकी निवेश और कड़े प्रशासनिक फैसलों का परिणाम है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने डाक विभाग को सिर्फ सरकारी दफ्तर नहीं, बल्कि एक सेवा–आधारित, प्रतिस्पर्धी और आधुनिक संस्था बना दिया है। राजस्व के नए स्रोत खोलना, निजी क्षेत्र से साझेदारी करना, डिजिटल तकनीक अपनाना और कर्मचारियों को साथ लेकर चलना, आदि जैसे कदम इस बदलाव की रीढ़ हैं।




# सम्पादकीय

## भारत को बांग्लादेश के साथ बेहतर समन्वय की जरुरत

बांग्लादेश के साथ भारत की कूटनीति का तीसरा पहलू क्षेत्रीय भू राजनीति से जुड़ा है। बांग्लादेश भारत की पड़ोसी पहले की नीति का मुख्य केंद्र रहा है। कनेक्टिविटी, सीमा प्रबंधन, ऊर्जा सहयोग, जल बंटवारा और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर दोनों देशों की परस्पर निर्भरता गहरी है।ाांतिपूर्ण सह अस्तित्व की भारत की विदेश नीति पिछले कुछ दशकों में पूरी तरह से विफल हो गई थी। लगभग सभी पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंधों में तनाव आ गया था। अब भारत ने नए सिरे से संबंध सुधार के प्रयास शुरू किए हैं। बांग्लादेश के नव निर्वाचित प्रधानमंत्री तारिक रहमान के शपथ समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल हुए। वे अपने साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चिट्ठी लेकर गए थे। प्रधानमंत्री ने उनको भारत आने का न्योता दिया है। यह सिर्फ औपचारिक शिष्टाचार नहीं है, बल्कि यह एक सुविचारित कूटनीतिक पहल भी है। यह पहल दोपक्षीय संबंधों की निरंतरता और उच्च स्तरीय राजनीतिक विश्वास को दिखाता है। दूसरी ओर इसी यात्रा में भारत के विदेश सचिव का बांग्लादेश के प्रमुख विपक्षी नेता और जमात ए इस्लामी के प्रमुख शफीकुर्रहमान से मिलना इस बात का संकेत है कि भारत अपनी नीति को बहुस्तरीय और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ा रहा है।ाारत की एक बहुत अच्छी कूटनीतिक पहल यह रही कि किसी केंद्रीय मंत्री को भेजने की बजाय लोकसभा के स्पीकर को शपथ समारोह में भेज गया। यह दो देशों के संबंधों की भावना को रेखांकित करता है। स्पीकर का पद दलीय राजनीति से ऊपर माना जाता है, इसलिए यह संदेश गया कि भारत की प्रतिबद्धता सिर्फ किसी एक दल या सरकार तक सीमित नहीं है, बल्कि वह संस्थागत संबंधों को महत्व देता है। प्रधानमंत्री का पत्र और भारत आने का निमंत्रण इस बात का संकेत है कि नई सरकार के साथ संवाद को जल्दी से जल्दी और सकारात्मक दिशा में ले जाने की भारत की मंशा है। दूसरी रणनीतिक पहल विदेश सचिव विक्रम मिस्री की बांग्लादेश के विपक्षी नेता से मुलाकात है। शफीकुर्रहमान, बांग्लादेश की कट्टरपंथी जमात ए इस्लामी के प्रमुख हैं। जमात को पहली बार बांग्लादेश की तीन सौ सदस्यों की संसद में करीब 70 सदस्यों का प्रतिनिधित्व मिला है। यह एक तरह से उसकी राजनीतिक वैधता है। उनसे मुलाकात कर भारत ने यह स्पष्ट किया कि वह केवल सत्तारूढ़ दल पर निर्भर रहकर अपनी विदेश नीति नहीं गढ़ता, बल्कि संभावित सत्ता परिवर्तन की परिस्थितियों को भी ध्यान में रखता है। हालांकि बांग्लादेश में तारिक रहमान की पार्टी बीएनपी को जबरदस्त जनादेश मिला है लेकिन बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा का मसला वहां के समाज से जुड़ा है और उसे सुनिश्चित करने के लिए जमात के नेता के साथ भारत के संबंधों की बेहतरी भी जरूरी है। ंग्लादेश के साथ भारत की कूटनीति का तीसरा पहलू क्षेत्रीय भू राजनीति से जुड़ा है। बांग्लादेश भारत की पड़ोसी पहले की नीति का मुख्य केंद्र रहा है। कनेक्टिविटी, सीमा प्रबंधन, ऊर्जा सहयोग, जल बंटवारा और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर दोनों देशों की परस्पर निर्भरता गहरी है। हालांकि अभी भारत गंगा जल संधि या ट्रांस शिपमेंट पर लगाई गई रोक को लेकर कुछ नहीं कह रहा है और न शेख हसीना को बांग्लादेश को सौंपने की बात हो रही है। लेकिन आने वाले दिनों में ये मुद्दे उठेंगे। इन मुद्दों पर सद्भावपूर्ण तरीके से चर्चा हो यह भारत ने अपनी कूटनीतिक पहल से सुनिश्चित किया है। सीमा प्रबंधन और घुसपैठ रोकने में भी भारत को बांग्लादेश के साथ बेहतर समन्वय की जरुरत होगी।

## वैश्विक अर्थव्यवस्था में अविश्वास बढ़ रहा

चौतरफा अविश्वास बढ़ रहा है। नियम आधारित पुरानी विश्व व्यवस्था बिखर गई है। दुनिया के किसी भी देश को दूसरे देश पर या देशों के किसी भी समूह को दूसरे समूह पर भरोसा नहीं रह गया है। जब अमेरिका और यूरोप के बीच अविश्वास बढ़ गया तो बाकी देशों के बारे में क्या कहा जाए! इसी तरह वैश्विक अर्थव्यवस्था में अविश्वास बढ़ रहा है। दुनिया की अर्थव्यवस्था आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में निवेश और उसके बाजार में आए उछाल से चलती दिख रही है। इसने सॉफ्टवेयर और आईटी आधारित सेवाओं के उद्योग को लगभग ध्वस्त कर दिया है।जब से एआई कंपनी एंथ्रोपिक की ओर से कहा गया कि उसके ऑटोमेटेड ऑफिस सूट से सॉफ्टवेयर और दूसरे ऑपरेटिंग सिस्टम्स की जरुरत ही खत्म हो जाएगी तब से आईटी कंपनियों की हालत खराब है। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ ने भी कहा है कि अगले डेढ़ से दो साल में सारे व्हाइट कॉलर जॉब्स एआई के जरिए ऑटोमेटेड हो जाएंगे। हालांकि इसके बावजूद चिप बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी और दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी एनवीडिया के निवेशक अपने पैसे निकाल रहे हैं। सॉफ्टबैंक से लेकर पीटर थील तक ने पैसे निकाले हैं तो यह भी खबर है कि कंपनी के सीईओ से लेकर दूसरे अहम लोग भी अपने शेयर बेच रहे हैं। यह अविश्वास पूरी अर्थव्यवस्था को अपने चपेट में ले सकता है।

# पर्यावरण सुधारने से बचेगी चारोंधाम की पवित्रता और अस्तित्व

साल 2013 में केदारनाथ में भयंकर विनाशकारी आपदा आई थी। केदारनाथ आपदा में 4400 से अधिक लोग मारे गए। 7 फरवरी 2022 को धौली और ऋषि गंगा का ऐसा सैलाब आया, जिसमें सैकड़ों जिंदगियां दफ्न हो गई थी। इस आपदा ने न सिर्फ 204 लोगों की जान ले ली, बल्कि अपने रास्ते में आने वाले सभी बुनियादी ढांचों को नष्ट कर दिया। बद्रीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने कहा है कि उसके अधिकार क्षेत्र में आने वाले 47 प्रमुख मंदिरों में गैर–हिंदुओं के प्रवेश पर रोक के प्रस्ताव में जैन, सिख और बौद्ध समुदायों को छूट दी जाएगी। समिति की तरफ से कहा गया है कि मामला किसी विशेष धर्म का नहीं, बल्कि आस्था और धार्मिक अनुशासन का है, जो भी सनातन धर्म में आस्था रखता है, उसके लिए बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के द्वार खुले हैं। उसके पवित्र स्थलों की मूल प्रकृति को बनाए रखने के लिए सख्त कदम जरूरी है। प्रस्ताव का यह प्रतिबंध केवल मुस्लिम और ईसाई समुदाय पर लागू होगा। जैन, सिख और बौद्ध समुदाय को छूट देने के पीछे तर्क दिया गया है कि अनुच्छेद 25 के तहत इन्हें हिन्दू परंपरा के अंतगर्त माना गया है। इस प्रस्ताव को जनवरी के अंत या फरवरी की शुरुआत में होने वाली बोर्ड बैठक में मंजूरी के लिए रखा जाएगा। सवाल यही है कि सिर्फ मुस्लिम और ईसाइयों को बाहर रखने से ही क्या मंदिरों की पवित्रता बची रहेगी। क्या यही असली चुनौती है। चारो धाम पर जो पर्यावरण का खतरा सिर पर मंडरा रहा है, उससे पवित्रता खतरे में नहीं है। हिन्दुओ के चार वेद एवं 18 पुराणों में से एक प्रमुख स्कंद पुराण में की गई भविष्यवाणी के अनुसार



कलियुग के हजारों वर्षों बाद और इसके अंत से पूर्व केदारनाथ धाम और बद्रीनाथ धाम जैसे प्रमुख तीर्थ स्थल अदृश्य हो जाएंगे या नष्ट हो जाएंगे। इस भविष्यवाणी का तात्पर्य यह बिल्कुल नहीं है की कोई शक्ति जाकर इन मंदिरों को तोड़ देगी या नष्ट कर देगी। बल्कि स्कंद पुराण के अनुसार कलियुग के अंत में जब धर्म का पतन अपने चरम पर होगा, तब यह दिव्यस्थल अपनी आध्यात्मिक शक्ति को समेट लेंगे और अदृश्य या भक्तों की पहुंच से दूर हो जाएंगे। उपरोक्त भविष्यवाणी यह चेतावनी है कि कलियुग में हमें धर्म का पालन करना चाहिए, ताकि कलयुग में पवित्र स्थल और उनकी कृपा हम पर बनी रहे। साल 2013 में केदारनाथ में भीषण आपदा को भी कुछ लोग इस भविष्यवाणी की झलक मानते हैं। 15 जून 2025 को रुद्र प्रयाग में एक हेलिकाप्टर दुर्घटना ग्रस्त हो गया है। जिसमें सवार सभी तीर्थ यात्रियों के मृत्यु हो गई। कुछ लोग इसे वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार आधुनिक दृष्टिकोण के रूप में प्रतीकात्मक मानते हैं कि अगर हम पर्यावरण का नाश करेंगे तो धर्म हमसे दूर होता चला जाएगा। मौजूदा दौर में प्राकृतिक आपदाएं या सामाजिक पतन की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। ये इस बात का संकेत है कि इस पूरे क्षेत्र में दशकों से चले आ रहे प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन ने हालात बिगाड़ दिए हैं। इसके बावजूद जितनी गंभीरता से पर्यावरण को बचाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, वे ऊट के मुंह में जीरे के समान है।साल 2013 में केदारनाथ में भयंकर विनाशकारी आपदा आई थी। केदारनाथ आपदा में 4400 से अधिक लोग मारे गए। 7 फरवरी 2022 को धौली और ऋषि गंगा का ऐसा सैलाब आया, जिसमें सैकड़ों जिंदगियां दफ्न हो गई थी। इस आपदा ने न सिर्फ 204 लोगों की जान ले ली, बल्कि अपने रास्ते में आने वाले सभी बुनियादी ढांचों को नष्ट कर दिया। आपदा में करीब 1,625 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। उत्तराखंड चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या साल दर साल बढ़ती जा रही है। वर्ष 2025 में 51 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने चारों धामों के दर्शन किए, जो पिछले साल अर्थात 2024 की तुलना में 4 लाख 35 हजार अधिक है।केदारनाथ यात्रा के दौरान डेढ़ से 2 टन कचरा रोजाना उत्पन्न होता है। वर्ष 2025 की यात्रा के दौरान केदारनाथ धाम में रिकॉर्ड 17.68 लाख भक्तों ने लगभग कुल 2300 टन से अधिक कचरा फैलाया है, जिसमें 100 टन प्लास्टिक शामिल है। हिमालयी क्षेत्र में कूड़ा जलाने पर बैन होने के कारण, इस मलबे को खच्चरों द्वारा सोनप्रयाग नीचे लाने में 25 करोड़ से अधिक की लागत आ रही है। यह कचरा पिछले साल की तुलना में 325 टन अधिक है। जिसमें 2200 टन ठोस कचरा और लगभग 100 टन प्लास्टिक शामिल है। हर तीर्थयात्री ने औसतन 1.5 किलो से ज्यादा कचरा छोड़ा। भारी मात्रा में प्लास्टिक कचरा हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है। यह कचरा 23 अक्टूबर 2025 को कपाट बंद होने के बाद सफाई अभियान के दौरान गौरीकुंड से केदारनाथ के बीच मिला।जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण एवं सतत विकास संस्थान, अल्मोड़ा और उत्तराखंड औद्योगिक एवं वानिकी विश्वविद्यालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक चारधाम में बढ़ती श्रद्धालुओं की भीड़ ग्रीष्मकालीन के साथ ही शीतकालीन गतिविधियों को भी प्रभावित कर रही है।

# पाणिनि से एआई स्टैक तकरू दिल्ली का एआई गौरव और राष्ट्रीय क्षमता का लक्ष्य

हरदीप एस पुरी

जब पाणिनि ने बोली जाने वाली भाषा की अव्यवस्था को एक संक्षिप्त, गणनीय व्याकरण में परिवर्तित किया, तो उन्होंने एक बात साबित की, जो आज भी प्रासंगिक हैरू बुद्धिमत्ता सबसे शक्तिशाली तब होती है, जब इसे संरचना के रूप में व्यक्त किया जाता है। नालंदा इस सहज प्रवृत्ति को संस्थानों तक ले गया और बहस करने, संरक्षित करने और ज्ञान को सीमाओं के पार प्रसार करने के तरीके विकसित किए। भारत एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की मेजबानी करने का भारत का निर्णय उसी सभ्यतागत भावना से प्रेरित है, क्योंकि तकनीक में अगली छलांग उन प्रणालियों के बारे में है, जो सीख सकती हैं, तर्क कर सकती हैं और बड़े पैमाने पर कार्य कर सकती हैं और दुनिया ऐसे भविष्य के बारे में सोच नहीं सकती, जिसमें केवल कुछ देश यह तय करें कि ये प्रणालियाँ कैसे बनाई जाएँगी।

पिछले सप्ताह भारत मण्डपम में आयोजित यह शिखर सम्मेलन, एक वैश्विक दक्षिण राष्ट्र द्वारा आयोजित पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन था और किसी भी पूर्व आयोजन में इस स्तर की भागीदारी नहीं देखी गयीरू 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष, 60 मंत्री, 100 से अधिक देशों के 500 से अधिक एआई दिग्गज और विषय–आधारित दस पवेलियनों में 300 प्रदर्शक। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत अपनी स्वयं की एक संगठनात्मक सोच प्रस्तुत कर रहा हैरू डेटा पर संप्रभुता, डिजाइन के अनुसार समावेश और स्वाभाविक जवाबदेही। देश वैश्विक पूंजी को इन शर्तों पर यहाँ निवेश करने के लिए आमंत्रित कर रहा है।

प्रधानमंत्री के एम.ए.एन.ए.वी विजन में इस विचार की स्पष्ट अभिव्यक्ति हुई हैरू नैतिक पाबंदी, जवाबदेह शासन, डेटा पर संप्रभुता, ताकि ज्ञान के कच्चा माल का उस रूप में निष्कर्षण न किया जाए जैसे कभी वस्तुओं का किया जाता थाय व्यापक पहुंच, ताकि लाभ मध्य प्रदेश के किसान तक उतने ही निश्चित रूप से पहुंचे, जितना बेंगलुरु के इंजीनियर तक और कानूनी वैधता, ताकि हर प्रयुक्त प्रणाली लोकतांत्रिक निरीक्षण के प्रति जवाबदेह बनी रहे। उनकी अवधारणा एआई को खुला आकाश देने की है, जबकि नियंत्रण मानव हाथों में रखा जाना चाहिए। यह अवधारणा एक ऐसी रेखा खींचती है, जिसे कई उन्नत अर्थव्यवस्थाएं खींचने में हिचकिचा रही हैं।अब इन सिद्धांतों का बहुपक्षीय महत्व है, जो शिखर सम्मेलन में अपनाई गई दिल्ली घोषणा के माध्यम से सामने आया, और इसे पहले से ही वैश्विक दक्षिण से आने वाली पहली प्रमुख एआई शासन रूपरेखा कहा जा रहा है। इस घोषणा की दृष्टि विकास–उन्मुख है, जिसका केंद्र तकनीकी–कानूनी दृष्टिकोण है और जो कठोर अनुपालन की तुलना में लचीली पाबंदियों को प्राथमिकता देता है। यह वैश्विक सहयोग को तीन स्तंभों पर व्यवस्थित करता हैरू लोग, पृथ्वी और प्रगति। भारतजेन जैसा जनसंख्या के पैमाने पर आधारित समाधान, जो 22 भारतीय भाषाओं का समर्थन करता है और उस वास्तविकता को संबोधित करता है कि दुनिया का अधिकांश भाग अंग्रेजी में काम नहीं करता। भारत के अपने सब्सिडी वाले जीपीयू एक्सेस (?65 प्रति घंटा) पर आधारित एक प्रस्तावित वैश्विक कंप्यूट बैंक प्रवेश बाधाओं को हर जगह कम करता है। घोषणा में डेटा संप्रभुता पर जोर दिया गया है, जो सीधे एआई निष्कर्षणवाद को चुनौती देता हैरू एक पैटर्न, जिसमें विकासशील देशों से डेटा संग्रहित किया जाता है ताकि मॉडल को प्रशिक्षित किया जा सके। बाद में इन देशों को इसी मॉडल के लिए भुगतान करना पड़ता है।

पिछले दशक के कार्यान्वयन ने इस रूपरेखा को विश्वसनीयता दी है, क्योंकि यह सरकार एआई तक किसी श्वेत पत्र के माध्यम से नहीं, बल्कि किसी भी लोकतांत्रिक देश द्वारा शुरू किये गये सबसे महत्वाकांक्षी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना कार्यक्रम के जरिये पहुँची है। यूपीआई ने 2025 में 228 बिलियन से अधिक लेन–देन संसाधित किए, जिनका मूल्य लगभग 3.4 ट्रिलियन डॉलर था, जो दुनिया के वास्तविक समय पर कुल डिजिटल भुगतान का लगभग आधा है और यह वैश्विक स्तर पर वीसा द्वारा संसाधित किये गये कुल लेन–देन से भी अधिक है। जेएएम त्रय ने 2015 से अब तक ?3.48 लाख करोड़ से अधिक की कल्याण बचत प्रदान की है। किसी अन्य देश ने एक ही नीतिगत व्यवस्था के तहत पहचान, भुगतान और पात्रता–अधिकार के वितरण का निर्माण इस स्तर पर नहीं किया है और यही वह आधारशिला है, जिस पर भारत का एआई खड़ा है।

यदि डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का लक्ष्य हर नागरिक को देश से जोड़ना था, तो एआई अवसंरचना का लक्ष्य हर नागरिक को क्षमता से जोड़ना है और यहाँ आंकड़े एक चौंकाने वाला अंतर दिखाते हैंरू भारत दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत डेटा का उत्पादन करता है, लेकिन यहाँ वैश्विक डेटा–केंद्र क्षमता का केवल लगभग 3 प्रतिशत मौजूद है। अब इस अंतर को उसी इरादे के साथ पाटा जा रहा है, जिसने यूपीआई का निर्माण किया थारू तेज, बड़े पैमाने पर और संप्रभु डिजाइन के साथ।

विचार करें कि भारत मंडपम में एक ही सप्ताह में क्या घोषणाएँ की गईं। माइक्रोसॉफ्टरू 2030 तक वैश्विक दक्षिण के लिए 50 बिलियन डॉलर, जिसमें से पहले ही 17.5 बिलियन डॉलर की भारत के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी है। गूगलरू अमेरिका–भारत संपर्क पहल, जो पांच वर्षों में 15 बिलियन डॉलर से संचालित होगी। अमेजन वेब सर्विसेजरू महाराष्ट्र में 8.3 बिलियन डॉलर। अदानी समूहरू 2035 तक नवीकरणीय ऊर्जा–संचालित एआई डेटा केन्द्रों के लिए 100 बिलियन डॉलर। योटा डेटा सर्विसेजरू एनवीडिया के ब्लैकवेल अल्ट्रा चिप्स का उपयोग करके एशिया के सबसे बड़े एआई कंप्यूटिंग हब में से एक के लिए 2 बिलियन डॉलर से अधिक। लार्सन एंड टुब्रोरू एनवीडिया के साथ भारत की सबसे बड़ी गीगावाट–स्केल एआई फैक्ट्री बनाने के लिए प्रस्तावित परियोजना। इंडियाएआई मिशन का राष्ट्रीय कंप्यूट क्लस्टर 38,000 जीपीयू पार कर चुका है और इसे 58,000 तक बढ़ाया जा रहा है, जो स्टार्टअप्स के लिए वैश्विक लागत के लगभग एक तिहाई पर उपलब्ध है। अगले दो वर्षों में एआई अवसंरचना में 200 अरब डॉलर के निवेश का सरकार का लक्ष्य महज आकांक्षा नहीं हैय घोषित प्रतिबद्धताएँ इसे हासिल करने के दायरे में लाती हैं।

केंद्रीय बजट 2026–27 का उद्देश्य इस निवेश को दीर्घकालिक संरचनात्मक लाभ में बदलने का है, जो उन विदेशी कंपनियों के लिए टैक्स होलीडे का 2047 तक विस्तार करता है, जो वैश्विक क्लाउड सेवाओं के लिए भारतीय डेटा सेंटर का उपयोग करती हैं तथा एआई और उच्चतम निर्माण स्टार्टअप्स के लिए 1.1 अरब डॉलर के वेंचर कैपिटल फंड का वचन देती हैं। राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन, जिसका परिव्यय 34,000 करोड़ रुपये से अधिक का है, लिथियम, कॉबाल्ट और दुर्लभ पृथ्वी धातुओं को सुरक्षित करता है, जिन पर एआई और सेमीकंडक्टर का निर्माण निर्भर होता है।

## आज का राशिफल

मेष राशि–
घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा मेष राशि वालों आज का दिन ठीक ठाक रहेगा। आज आप परिवार वालों के साथ समय बिताने की पूरी कोशिश करेंगे।

वृष राशि–
आप किसी बचपन के दोस्त से मिलेंगे वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज का दिन यात्रा में बीत सकता है। ये यात्रा ऑफिस के किसी काम से रिलेटेड हो सकती है। आप कुछ मस्ती के मूड में रहेंगे।

मिथुन राशि–
बिजनेस बढ़ाने के लिए बनायेंगे नया प्लान मिथुन राशि वालों आज का दिन उत्तम रहने वाला है।

कर्क राशि–
जरूरी चीज खरीदने में होगा खर्च कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिये मिला–जुला रहेगा।

कन्या राशि–
पहले किए गए काम से आज मिलेगा मुनाफा कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। पहले किए गए किसी काम से आज अच्छा मुनाफा होगा।

तुला राशि–
कोर्ट से संबंधित मामला सुलझने की उम्मीद
तुला राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा है। ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जिससे आपके काम समय पर पूरे होंगे।

वृश्चिक राशि–
आर्थिक रूप से आज आप मजबूत रहेंगे
वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन जीवन में किसी नयी खुशी का संकेत लायेगा। जीवनसाथी से आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

धनु राशि–
बिजनेस में काम की गति बनी रहेगी धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो समय से पूरा करने में सफल होंगे।

मकर राशि
करियर में बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है
मकर राशि वालों आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लाने वाला है। आपको अपने करियर में बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच समझ कर करें।

कुंभ राशि
स्वास्थ्य के लिहाज से दिन शानदार रहेगा
कुंभ राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका नजदीकी मित्र आपसे मिलने आयेगा।

मीन राशि–
वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। लोग आपकी बातोंपर पूरा ध्यान देंगे। आज ऑफिस के काम के लिए यात्रा की योजना बन सकती है।

# तीर्थयात्रियों के लिए चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग पर बढ़ेंगी सुविधाएं

अयोध्या। निर्माणाधीन चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग पर व्यापक विकास हो रहा है। इससे तीर्थयात्रियों को काफी सुगमता होगी। योगी सरकार रामनगरी को विश्वस्तरीय आध्यात्मिक केंद्र बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पर्यटन और तीर्थाटन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग का विकास एक महत्वपूर्ण कदम है। यह परिक्रमा मार्ग अयोध्या की प्राचीन परंपरा का हिस्सा है जो लगभग 40–45 किलोमीटर लंबा है। यह सरयू नदी के आसपास फैला हुआ है। यहां श्रद्धालु भगवान श्रीराम की नगरी की परिक्रमा करते हैं। कार्तिक में परिक्रमा का विशेष महत्व होता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस मार्ग को आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है, ताकि लाखों रामभक्तों को सुगम, सुरक्षित और आकर्षक अनुभव मिल सके। यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड अयोध्या के परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि परियोजना की कुल लागत 2124.53 लाख रुपये है। इस राशि से मार्ग पर विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। इनमें विश्राम गृह, स्तम्भ, कुण्डों का निर्माण, इण्टरप्रिटेशन वॉल, शिलालेख, डारेक्शनल साइनेज, पाथवे, स्टोन बेंच, डस्टबिन, लाइटिंग, प्रवेश द्वार, बाउंड्रीवॉल और छतरी का निर्माण शामिल है। ये सुविधाएं तीर्थयात्रियों को विश्राम, दिशा–निर्देश, स्वच्छता और सौंदर्य का पूर्ण आनंद प्रदान करेंगी। विशेष रूप से मार्ग पर स्थित महत्वपूर्ण कुण्डों और स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। लक्ष्मी सागर कुण्ड, वैतर्णी कुण्ड, निर्मली कुण्ड, गिरिजा कुण्ड और विभीषण कुण्ड जैसे पवित्र स्थलों पर विशेष कार्य प्रस्तावित हैं। इन कुण्डों का जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। साथ ही विघ्नेश्वर नाथ शिवमंदिर का भी विकास कार्य चल रहा है, जो मार्ग की धार्मिक महत्ता को और बढ़ाएगा।

इण्टरप्रिटेशन वॉल और शिलालेखों से रामायण की कथाओं और ऐतिहासिक महत्व की जानकारी मिलेगी, जबकि डारेक्शनल साइनेज से यात्री आसानी से मार्ग का अनुसरण कर सकेंगे। पाथवे, स्टोन बेंच और लाइटिंग से रात्रि में भी सुरक्षित परिक्रमा संभव होगी। प्रवेश द्वार, बाउंड्रीवॉल और छतरी निर्माण से मार्ग का सौंदर्य कई गुना बढ़ जाएगा। चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग का यह विकास कार्य राम भक्तों के लिए बड़ा उपहार साबित होगा। जल्द ही यह मार्ग जगमगाती लाइटों, सुंदर कुण्डों और आधुनिक सुविधाओं से सजा नजर आएगा, जिससे पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि होगी। लाखों श्रद्धालु यहां आकर आस्था और आधुनिकता के संगम का अनुभव करेंगे। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुण्डे ने बताया कि यह परियोजना न केवल धार्मिक महत्व रखती है बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगी। होटल, परिवहन, गाइड और अन्य सेवाओं से जुड़े व्यवसाय फलेंगे–फूलेंगे।

# पत्रकार अशोक कुमार वर्मा के निधन पर शोक की लहर

अयोध्या। बीकापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत पातूपुर मजरे दोहरी निवासी वरिष्ठ पत्रकार अशोक वर्मा का लखनऊ के एक निजी अस्पताल में लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और लखनऊ में उनका उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान आज उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से पत्रकारिता जगत के साथ–साथ क्षेत्र के सामाजिक व राजनीतिक हलकों में भी गहरा शोक व्यक्त किया जा रहा है। अशोक वर्मा अपने सरल स्वभाव, निष्पक्ष लेखनी और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के लिए जाने जाते थे। ग्रामीण अंचल की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। परिवार में पत्नी, दो पुत्री सहित भरा–पूरा परिवार है। उनके निधन से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। क्षेत्रीय पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाय। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष देव बक्स वर्मा, अवधराम यादव, सम्पूर्णानन्द बाजपेई "बागी", सुमित्रानंदन यादव, अनूप श्रीवास्तव, शिवकुमार मिश्र, आलोक निगम, डॉ. आनन्द उपाध्याय, सहित अन्य लोगों ने पत्रकार साथी अशोक कुमार वर्मा का निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उनके प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री वर्मा के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष देव बक्स वर्मा ने कहा कि साथी अशोक कुमार वर्मा संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ता थे।

# किडनी के उपचार में होम्योपैथ की भूमिका पर डा. वी.के. वर्मा ने प्रस्तुत किया शोध पत्र

बस्ती। होम्योपैथ के वरिष्ठ चिकित्सक जिला अस्पताल में आयुष चिकित्साधिकारी डा. वी.के. वर्मा ने अयोध्या में आयोजित राष्ट्रीय होम्योपैथिक सेमिनार में गुर्दे की बीमारी में होम्योपैथी की उपयोगिता पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। उन्हें अतिथियों द्वारा शोध पत्र के लिये स्मृति चिन्ह, प्रमाण–पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।शोध पत्र में डा. वी.के. वर्मा ने बताया कि गुर्दे (किडनी) की बीमारियों के लिए होम्योपैथी में बर्बेरिस वल्गारिस (पथरी), कैंथारिस (जलन), और लायकोपोडियम (क्रोनिक समस्याएं) जैसी प्रभावी दवाएं उपलब्ध हैं। ये दवाएं किडनी स्टोन, उच्च क्रिएटिनिन, यूरिक एसिड, और मूत्र संक्रमण के लक्षणों के अनुसार दी जाती हैं। सही उपचार के लिए विशेषज्ञ (होम्योपैथ) से परामर्श आवश्यक है।किडनी की दीर्घकालिक बीमारी तब विकसित होती है जब कोई बीमारी या स्थिति महीनों या वर्षों तक किडनी के कार्य को बाधित करती है, जिससे किडनी को होने वाली क्षति बिगड़ती जाती है। गुर्दे शरीर के रक्त से अपशिष्ट और अतिरिक्त तरल पदार्थों को निकालते हैं, जो बाद में मूत्र के रूप में उत्सर्जित हो जाते हैं। गंभीर क्रोनिक किडनी रोग शरीर में तरल पदार्थ, इलेक्ट्रोलाइट्स और अपशिष्ट पदार्थों की खतरनाक रूप से उच्च मात्रा का कारण बन सकता है। सही समय पर उपचार से मरीज स्वस्थ हो जाते हैं।लगभग 36 वर्षो से होम्योपैथ चिकित्सक के रूप में निरन्तर सक्रिय डा. वी.. वर्मा ने बताया कि होम्योपैथ में लक्षणानुसार इलाज किया जाता है। मरीज का विश्वास सबसे अधिक महत्व रखता है।

# शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराये सरकार- महेन्द्र श्रीवास्तव

बस्ती। कांग्रेस आरटीआई विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्वान्चल प्रभारी महेन्द्र श्रीवास्तव ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान और उत्पीड़न की कड़े शव्दों में निन्दा करते हुये कहा कि भाजपा सनातन परम्परा के रक्षा की बात करती है किन्तु अब यह स्पष्ट हो गया है कि सत्य बात कहने वाले साधू, संत, शंकराचार्य तक उन्हें पसन्द नहीं है। जो साधू संत भाजपा के अन्याय, अत्याचार का विरोध करते हैं उन्होने षड़यंत्र पूर्वक फंसाया जा रहा है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कांग्रेस नेता महेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि पहले तो कुम्भ के दौरान पुलिस ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद एवं उनके शिष्यों को स्नान करने से रोका, बटुकों को मारा पीटा। अब एक कथित षड्यंत्र के तहत शंकराचार्य और स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी समेत अन्य के खिलाफ यौन शोषण का मुकदमा दर्ज कर उनकी प्रतिष्ठा को आघात पहुंचाने का प्रयास किया गया है। यह स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण हो। उन्होने मांग किया कि इस मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच करायी जाय और शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की छवि धूमिल कराने का षड़यंत्र बंद हो।

# टेट की अनिवार्यता के खिलाफ बीएसए कार्यालय पर शिक्षकों का आज होगा जमावड़ा

अयोध्या। सेवारत शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के खिलाफ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में शिक्षकों का जमावड़ा होगा। इस बाबत जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने बताया कि टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आवाहन पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ और महिला शिक्षक संघ द्वारा 26 फरवरी को अपराह्न एक बजे से एक दिवसीय धरना–प्रदर्शन की तैयारी मुकम्मल हो गई है। प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय ऑडिटर एवं जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी और जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह ने जनपद के विभिन्न ब्लॉकों में बैठके करके संगठन को ब्लॉक स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी है। मया से अनुज सिंह, ओम प्रकाश व शमशाद अली,पूरा से सत्येंद्र गुप्ता, सुमित सिंह व राजेश कुमार,तारुन से सिकंदर सिंह, प्रवेश कुमार व सीमा सिंह, बीकापुर से वीरेंद्र भारती,अनिल सिंह, रवींद्र गौतम व विद्या यादव, सोहावल से शैलेंद्र वर्मा, समीर सिंह व जमाल अहमद, मसौधा से महेंद्र यादव, भगवती गुप्ता व विजय शुक्ला, हैरिंग्टनगंज से संतोष यादव, रवींद्र वर्मा व वीरेंद्र पांडेय,मिल्कीपुर से मुकेश प्रताप सिंह, भगवती यादव व राजेश तिवारी, अमानीगंज से अजय सिंह, उद्धव श्याम तिवारी, प्रेमनाथ, रूदौली से अविनाश पांडे, सत्येंद्र पाल सिंह व गयास मोहम्मद, मवई से मोहम्मद आरिफ, संजय सिंह व प्रहलाद गौतम, महानगर से अरविंद पाठक, प्राणेश रावत व चरणआधार मौर्य को आंदोलन को सफल बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी के साथ जिला मंत्री चंद्रजीत यादव, मोहम्मद तारिक, धर्मेंद्र सिंह, गोपाल श्रीवास्तव, नंदलाल पाल, बरसती राही, रामजी गुप्ता, हरकिशन निषाद नरेंद्र सिंह आदि द्वारा सघन संपर्क अभियान चलाया जा रहा है । महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष मनोरमा साहू, जिला मंत्री नीलम मध्यान, अर्चना गोस्वामी, आरती देवी, चंदा वर्मा पुनीता पासवान, विजय लक्ष्मी तिवारी,पुष्पांजलि मौर्या, उषा देवी व पूजा सिंह, भी प्रदर्शन की सफलता हेतु जी–जान से जुट गई हैं।

# राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कृषि विवि के शोध कार्यो का किया निरीक्षण

## -मात्सियकी प्रक्षेत्र पर मछलियों को खिलाया दाना, रंगीन मछलियों के उत्पादन को किसानों के लिए बताया फायदेमंद

अयोध्या। प्रदेश के कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख बुधवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पहुंचे। मंत्री ने विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रक्षेत्रों का भ्रमण कर विवि में चल रहे कृषि नवाचार, विकास कार्य एवं वैज्ञानिक प्रयोगों के माध्यम से किसानों की आय वृद्धि को लेकर चल रहे शोध कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ विवि के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। राज्यमंत्री औलख सबसे पहले मात्सियकी प्रक्षेत्र पहुंचे जहां उन्होंने मत्स्य पालन, सघन मछली पालन यूनिट और मखाना की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी ली और मछलियों को दाना खिलाया। उन्होंने रंगीन मछलियों के बीज उत्पादन को देखा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में रंगीन मछलियां किसानों की आय को बढ़ाने में वरदान साबित होंगी। कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने राज्यमंत्री को विभिन्न विकास कार्यों से अवगत कराया। जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखकर विवि में हो रही फसलों की बोआई को मंत्री ने बारिकी के साथ परखा। उन्होंने दलहनी फसलों अरहर, चना, मसूर, मटर, राजमा आदि का निरीक्षण किया और कहा कि चने पर लगने वाले कुष्ट रोग को दूर करने के लिए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने नरेंद्र अरहर–2 की जमकर सराहना की और कहा कि किसान इस प्रजाति का अधिक प्रयोग करें। किसानों की समृद्धि, आत्मनिर्भर कृषि और तकनीक आधारित खेती के संकल्प को साकार करने की दिशा में ऐसे प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मंत्री के भ्रमण के दौरान कृषि अधिष्ठाता डा. डी.के. सिंह, निदेशक प्रसार डा. रामबटुक सिंह, मात्सियकी अधिष्ठाता डा. सी.पी. सिंह, डा. आकाश गौरव सिंह, डा अरुण कुमार सहित अन्य वैज्ञानिक मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद विनय कटियार ने किया पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सोलर ग्रीन योजना का उद्घाटन

बस्ती। बुधवार को पूर्व सांसद विनय कटियार ने रोडवेज के निकट सोलर ग्रीन योजना केंद्र का उद्घाटन फीता काटकर किया। कहा कि यह केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है और इससे ऊर्जा संकट दूर होगा। यह केन्द्र पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत स्थापित किया गया है। जिसकाउद्देश्य आम नागरिकों को सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराना है।पूर्व सांसद विनय कटियार ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई यह योजना देश में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सोलर ग्रीन योजना के माध्यम से आम लोगों को बिजली बिल में राहत मिलेगी और बिजली कटौती जैसी समस्याओं से भी निजात मिलेगी। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस योजना का लाभ उठाएं और अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगवाकर स्वच्छ ऊर्जा को अपनाएं। सोलर ग्रीन योजना के प्रोपराइटर सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य लोगों तक बेहतर और पारदर्शी सुविधा पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि केंद्र पर सोलर पैनल इंस्टॉलेशन से लेकर सब्सिडी संबंधी पूरी प्रक्रिया में उपभोक्ताओं को मार्गदर्शन दिया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि ग्राहकों के लिए फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे इच्छुक उपभोक्ता आसान किस्तों में सोलर सिस्टम लगवा सकें। साथ ही सरकार द्वारा निर्धारित सब्सिडी का लाभ भी पात्र उपभोक्ताओं को दिलाया जाएगा।इस अवसर पर अमित चौधरी, सनी चौधरी, विकास चौधरी, मोनू चौधरी, अजय चौधरी, अभिषेक चौधरी, लवकुश चौधरी, विशाल चौधरी, राहुल चौधरी, इन्द्रलेश चौधरी,, अशोक चौधरी, मनोज, जयसिंह, नरेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मांझा बरहटा में बिना नोटिस मकान गिराये जाने पर बिफरे पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय

## -सरकार से सर्किल रेट से 6 गुना मुआवजा देने की किया मांग

अयोध्या। जिला प्रशासन के सहयोग से आवास विकास परिषद के अधिकारियों द्वारा माँझा बरहटा मे बिना नोटिस के मकान गिराए जाने पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा और गिराये गये मकानो के लिए सरकार से सर्किल रेट से 6 गुना मुआवजा देने की मांग की।बुधवार को पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन से अयोध्या के मांझा बरहटा में प्रशासन के सहयोग से आवास विकास परिषद के अधिकारियों द्वारा बिना नोटिस के गिराए गए भवन स्वामियों ने पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन से मुलाकात कर प्रशासन द्वारा जबरदस्ती गिराए गए भवन के बारे में बताया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन द्वारा बिना नोटिस के गिराए गए भवन के मालिक दिनेश कुमार गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता, सुरेश कुमार, राजेश कुमार गुप्ता एवं शिवम साहू और वहां के निवासियों ने पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन से मिलकर अपने जमीन के बैनामे के कागजात को दिखाते हुए प्रशासन द्वारा बिना नोटिस के बुलडोजर द्वारा जबरदस्ती मकान गिराए जाने के बारे में बताया। प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा आज भाजपा सरकार में अधिकारियों द्वारा बिना नोटिस दिए मकान और दुकान को बुलडोजर से गिरा दिया जाता है उन्होंने कहा एक गरीब दुकानदार नौजवान अपना मकान किस तरीके से बनाता है यह वही जानते होंगे उन्होंने सरकार से मांग की इन परिवार को सर्किल रेट से 6 गुना मुआवजा या इनको जमीन के बदले जमीन दी जाए जिससे यह गरीब बेसहारा लोग अपना जीवनयापन चला सके,इस मौके पर ब्रह्मदेव यादव, मुमताज, राकेश कुमार, मधु कुमारी, सुधा कुमारी, सुनील कुमार, राम शंकर, ननकन यादव, राम अजोर यादव, इश्तियाक खान श्याम आदि लोग मौजूद रहे।

# भारतीय मजदूर संघ ने मनाया देशव्यापी विरोध दिवस

## –पुरानी पेंशन बहाली समेत 18 मांगों को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या। भारतीय मजदूर संघ ने 25 फरवरी को देशव्यापी विरोध दिवस मनाया। इसी क्रम में जिला इकाई ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित 18 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। इस दौरान, संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने धरना–प्रदर्शन किया। उन्होंने कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में जिला सहकारी बैंकों के वेतनमान का पुनरीक्षण ,आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को सरकारी कर्मचारी घोषित कर मानदेय बढ़ाने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त, एनएचएम संविदा कर्मियों की वेतन विसंगतियों का समाधान, और वर्ष 2001 से पूर्व के संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की भी मांग शामिल थी। बैंकिंग उद्योग में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने और पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की भी प्रमुख मांग उठाई गई। अन्य मांगों में निकाय कर्मचारियों का समायोजन, ई–रिक्शा चालकों को स्टैंड और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना शामिल था। कृषि एवं ग्रामीण मजदूरों का पारिश्रमिक तय करने, मिड डे मील कर्मियों का मानदेय 10 हजार रुपये करने और श्रमजीवी पत्रकारों को सुरक्षा बीमा,निकायों में वर्षा से वाहन चालक का कार्य वाले समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ड्राइवर के स्थित पदों पर समायोजित किया जाए, पटरी रेहड़ी दुकानदारों को समुचित स्थान दिया जाए एवं उनका उत्पीड़न बंद किया जाए, ई–रिक्शा ऑटो को स्टैंड दिया जाए एवं पुलिस उत्पीड़न बंद किया जाए, कृषि ग्रामीण एवं दिहाड़ी मजदूरों का परिश्रमिक तय किया जाए ओम सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाए, संविदा निविदा सफाई कर्मचारियों को 18000 रुपए का वेतन दिया जाए एवं उन्हें नियमित किया जाए, 108,102 एंबुलेंस के बर्खास्त कर्मियों की बहाली करो एवं ड्राफ्ट फंड उगाही को बंद करो, मिड डे मिल के कर्मचारियों का मानदेय है 10000 किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों मेंविभाग प्रमुख जयप्रकाश सिंह, जिला अध्यक्ष अंबरीश सिंह, आशीष कुमार श्रीवास्तव, जितेंद्र प्रताप सिंह, सुधीर कुमार सिंह, सर्वेश कुमार नायक, नन्हेंलाल, अरविंद कुमार,प्रचार प्रमुख पुष्कर दत्त तिवारी, अभय सिंह, अभिषेक सिंह, मीरा पाठक, राम प्रकाश कनौजिया, शुभम् सिंह, सुजीत कुमार पांडे जगदीप कुमार आदि कर्मचारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसपी से मिले भाजपा टीम इलेवन के सदस्य

बस्ती । बुधवार को भारतीय जनता पार्टी टीम इलेवन के प्रतिनिधि मण्डल ने सत्येन्द्र सिंह 'भोलू' के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह से मुलाकात कर जनपद के समस्याओं को अवगत कराया।भाजपा नेता सत्येन्द्र सिंह भोलू ने पुलिस अधीक्षक से जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने और असमाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के बारे में अवगत कराया।जिसको डॉ यशवीर सिंह ने संज्ञान में लेकर आश्वस्त किया कि पुलिस बिना किसी भेदभाव के जनपद में कार्य कर रही है और दोषी दंडित होंगे तथा निर्दोषों का उत्पीडन नहीं होगा। पुलिस अधीक्षक से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधि मण्डल में टीम इलेवन के दिलीप पाण्डेय, राजकुमार शुक्ल,पिन्टू सोनकर पूर्व प्रमुख शामिल रहे।

# तीर्थयात्रियों के लिए चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग पर बढ़ेंगी सुविधाएं

## -विश्राम गृह, कुण्ड व स्तम्भ निर्माण से तीर्थयात्रियों को मिलेगा आराम

## -इण्टरप्रिटेशन वॉल, शिलालेख व डारेक्शनल साइनेज की होगी स्थापना

## -पाथवे, स्टोन बेंच, डस्टबिन व पथप्रकाश से व्यवस्थाएं होंगी बेहतर

अयोध्या। निर्माणाधीन चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग पर व्यापक विकास हो रहा है। इससे तीर्थयात्रियों को काफी सुगमता होगी। योगी सरकार रामनगरी को विश्वस्तरीय आध्यात्मिक केंद्र बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पर्यटन और तीर्थाटन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग का विकास एक महत्वपूर्ण कदम है। यह परिक्रमा मार्ग अयोध्या की प्राचीन परंपरा का हिस्सा है जो लगभग 40–45 किलोमीटर लंबा है। यह सरयू नदी के आसपास फैला हुआ है। यहां श्रद्धालु भगवान श्रीराम की नगरी की परिक्रमा करते हैं। कार्तिक में परिक्रमा का विशेष महत्व होता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस मार्ग को आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है, ताकि लाखों रामभक्तों को सुगम, सुरक्षित और आकर्षक अनुभव मिल सके। यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड अयोध्या के परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि परियोजना की कुल लागत 2124.53 लाख रुपये है। इस राशि से मार्ग पर विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। इनमें विश्राम गृह, स्तम्भ, कुण्डों का निर्माण, इण्टरप्रिटेशन वॉल, शिलालेख, डारेक्शनल साइनेज, पाथवे, स्टोन बेंच, डस्टबिन, लाइटिंग, प्रवेश द्वार, बाउंड्रीवॉल और छतरी का निर्माण शामिल है। ये सुविधाएं तीर्थयात्रियों को विश्राम, दिशा–निर्देश, स्वच्छता और सौंदर्य का पूर्ण आनंद प्रदान करेंगी। विशेष रूप से मार्ग पर स्थित महत्वपूर्ण कुण्डों और स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। लक्ष्मी सागर कुण्ड, वैतर्णी कुण्ड, निर्मली कुण्ड, गिरिजा कुण्ड और विभीषण कुण्ड जैसे पवित्र स्थलों पर विशेष कार्य प्रस्तावित हैं। इन कुण्डों का जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। साथ ही विघ्नेश्वर नाथ शिवमंदिर का भी विकास कार्य चल रहा है, जो मार्ग की धार्मिक महत्ता को और बढ़ाएगा। इण्टरप्रिटेशन वॉल और शिलालेखों से रामायण की कथाओं और ऐतिहासिक महत्व की जानकारी मिलेगी, जबकि डारेक्शनल साइनेज से यात्री आसानी से मार्ग का अनुसरण कर सकेंगे। पाथवे, स्टोन बेंच और लाइटिंग से रात्रि में भी सुरक्षित परिक्रमा संभव होगी। प्रवेश द्वार, बाउंड्रीवॉल और छतरी निर्माण से मार्ग का सौंदर्य कई गुना बढ़ जाएगा। चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग का यह विकास कार्य राम भक्तों के लिए बड़ा उपहार साबित होगा। जल्द ही यह मार्ग जगमगाती लाइटों, सुंदर कुण्डों और आधुनिक सुविधाओं से सजा नजर आएगा, जिससे पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि होगी। लाखों श्रद्धालु यहां आकर आस्था और आधुनिकता के संगम का अनुभव करेंगे। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुण्डे ने बताया कि यह परियोजना न केवल धार्मिक महत्व रखती है बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगी। होटल, परिवहन, गाइड और अन्य सेवाओं से जुड़े व्यवसाय फलेंगे–फूलेंगे। सरकार की यह पहल अयोध्या को नई पहचान दे रही है,।

जहां प्राचीन आस्था और आधुनिक विकास का सुंदर मेल देखने को मिलेगा।

# राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कृषि विवि के शोध कार्यो का किया निरीक्षण

अयोध्या। प्रदेश के कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख बुधवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पहुंचे। मंत्री ने विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रक्षेत्रों का भ्रमण कर विवि में चल रहे कृषि नवाचार, विकास कार्य एवं वैज्ञानिक प्रयोगों के माध्यम से किसानों की आय वृद्धि को लेकर चल रहे शोध कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ विवि के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। राज्यमंत्री औलख सबसे पहले मात्सियकी प्रक्षेत्र पहुंचे जहां उन्होंने मत्स्य पालन, सघन मछली पालन यूनिट और मखाना की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी ली और मछलियों को दाना खिलाया। उन्होंने रंगीन मछलियों के बीज उत्पादन को देखा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में रंगीन मछलियां किसानों की आय को बढ़ाने में वरदान साबित होंगी। कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने राज्यमंत्री को विभिन्न विकास कार्यों से अवगत कराया। जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखकर विवि में हो रही फसलों की बोआई को मंत्री ने बारिकी के साथ परखा। उन्होंने दलहनी फसलों अरहर, चना, मसूर, मटर, राजमा आदि का निरीक्षण किया और कहा कि चने पर लगने वाले कुष्ट रोग को दूर करने के लिए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने नरेंद्र अरहर–2 की जमकर सराहना की और कहा कि किसान इस प्रजाति का अधिक प्रयोग करें। किसानों की समृद्धि, आत्मनिर्भर कृषि और तकनीक आधारित खेती के संकल्प को साकार करने की दिशा में ऐसे प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

# मांझा बरहटा में बिना नोटिस मकान गिराये जाने पर बिफरे पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय

अयोध्या। जिला प्रशासन के सहयोग से आवास विकास परिषद के अधिकारियों द्वारा माँझा बरहटा मे बिना नोटिस के मकान गिराए जाने पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा और गिराये गये मकानो के लिए सरकार से सर्किल रेट से 6 गुना मुआवजा देने की मांग की। बुधवार को पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन से अयोध्या के मांझा बरहटा में प्रशासन के सहयोग से आवास विकास परिषद के अधिकारियों द्वारा बिना नोटिस के गिराए गए भवन स्वामियों ने पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन से मुलाकात कर प्रशासन द्वारा जबरदस्ती गिराए गए भवन के बारे में बताया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन द्वारा बिना नोटिस के गिराए गए भवन के मालिक दिनेश कुमार गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता, सुरेश कुमार, राजेश कुमार गुप्ता एवं शिवम साहू और वहां के निवासियों ने पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन से मिलकर अपने जमीन के बैनामे के कागजात को दिखाते हुए प्रशासन द्वारा बिना नोटिस के बुलडोजर द्वारा जबरदस्ती मकान गिराए जाने के बारे में बताया। प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा आज भाजपा सरकार में अधिकारियों द्वारा बिना नोटिस दिए मकान और दुकान को बुलडोजर से गिरा दिया जाता है उन्होंने कहा एक गरीब दुकानदार नौजवान अपना मकान किस तरीके से बनाता है यह वही जानते होंगे उन्होंने सरकार से मांग की इन परिवार को सर्किल रेट से 6 गुना मुआवजा या इनको जमीन के बदले जमीन दी जाए।

# होटल मालिक पर मनमानी का आरोप:डीआईजी से लगाया न्याय की गुहार

बस्ती। संतकबीर नगर जनपद के दानोंकुईया निवासी रिजवान पुत्र मो० अजहर ने पुलिस उपमहानिरीक्षक को पत्र देकर के. जी.एन. होटल विवाद मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग किया है।डीआईजी को दिये पत्र में रिजवान ने कहा है कि गत 14 फरवरी को वह बस्ती जनपद के रूधौली थाना क्षेत्र के कथकपुरवा स्थित के.जी.एन. होटल पर खाना खकर व बिल का भुगतान कर अपने घर चला आया और उसी दिन कुछ लोग भी खाना खा रहे थे। उसे पता चला कि अन्य व्यक्ति जो खाना खा रहे थे उनके व होटल मालिक अबूशहमा के बीच कुछ कहा सुनी व विवाद हो गया है। अबुशहमा ने शिकायती पत्र थाने पर दिया है जिसमें थाने पर दोनों पक्षों में लेन–देन कर सुलह हो गयी थी और मामला समाप्त हो गया।पत्र में कहा गया है कि अबूशहमा आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है।

# उत्साह से मनाया गया ब्राइट एजुकेशनल एकेडमी का वार्षिकोत्सव

बस्ती। विद्यालयों के वार्षिकोत्सव छात्रों के लिये बड़ा अवसर है। इससे उन्हें सभ्यता, संस्कृति और समाज का गहरा ज्ञान होता है। यह विचार विधायक कविंद्र चौधरी 'अतुल' ने गौर विकासखंड अंतर्गत करमिया वसंत लाल जलेबीगंज स्थित ब्राइट एजुकेशनल एकेडमी में वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किया। उन्होने मेधावी छात्रों और सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।विद्यालय के प्रबंधक गोविन्द कुमार ने अतिथियों, अभिभावकों का स्वागत करते हुये कहा कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यहां पढ़ाई के साथ–साथ खेलकूद के लिए विशाल मैदान की व्यवस्था है।

# पाइप बिछाने के बाद खोदी गई सड़कों का गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण तत्काल सुनिश्चित करें : सीडीओ

चित्रकूट। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए चल रही तीन परियोजनाओं की प्रगति और कार्य के दौरान आ रही बाधाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन के तहत तीन बड़ी पाइपलाइन परियोजनाओं पर कार्य युद्धस्तर पर जारी है जिसमे सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना रू 213.59 करोड़ की लागत से 77 राजस्व ग्राम को लाभान्वित किया जाएगा। चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना रू 959.75 करोड की लागत से 300 राजस्व ग्राम को आच्छादित किया जाएगा। रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना रु 303.32 करोड़ की लागत से 78 राजस्व ग्रामों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। मुख्य विकास अधिकारी ने पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की स्थित्ति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि पाइप बिछाने के बाद खोदी गई सड़कों का गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण तत्काल सुनिश्चित किया जाए।

समस्त योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने के दौरान छतिग्रस्त की गई ग्राम की सड़कों को मानक अनुसार तत्काल रेस्टोरेशन कराया जाये एवं लोक निर्माण विभाग की अनुमति के उपरांत पाइप लाइन बिछाने का कार्य कराया जाये एवं क्षतिग्रस्त की गई सड़कों पर संज्ञान लेते हुये प्राथमिकता पर तत्काल निस्तारण कराएं। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर एवं कार्यरत टीपीआई को निर्देश दिये गये कि उक्त कार्य में शिथिलता बरतने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को मैनपावर बढ़ाकर अवशेष कार्यों को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने की हिदायत दी। बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल कुमार यादव, अधिशासी अभियंता जल निगम आशीष भारती, सहायक अभियंता एवं विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# पीस कमेटी की बैठक में मौजूद प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल व संभ्रांत लोग

चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्याम प्रताप पटेल की अध्यक्षता में चौकी प्रभारी सीतापुर यदुवीर सिंह, चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग अरविन्द सिंह की उपस्थिति में कोतवाली कर्वी में आगामी होली एवं ईद त्यौहार को सकुशल शांतिपूर्वक, सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने के लिए क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधान के साथ पीस कमेटी की बैठक की गई। जिसमें लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण व सकुशल त्योहार मनाए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। गोष्ठी में हिन्दू–मुस्लिम दोनों समुदायों के सदस्यों से वार्ता कर भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने की अपील की गयी तथा शासन के दिशा निर्देशों के सम्बन्ध में बताया गया।

# -नेत्र चिकित्सा में उपलब्धि हासिल कर रहा जिला अस्पताल

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग के मार्गदर्शन में जनपद के आम नागरिकों को सुलभ, उच्च गुणवत्तापूर्ण एवं अत्याधुनिक चिकित्सीय सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में, संयुक्त जिला चिकित्सालय ने नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रमेश कुमार भारती एवं डॉ. अरुण आर्या की टीम द्वारा बुधवार को कुल 25 ऑपरेशन संपादित किए गए। इनमें से अधिकांश ऑपरेशन आधुनिक इन्फ्रा ऑक्यूलर लेंस पद्धति के माध्यम से किए गए। जबकि एक जटिल ऑपरेशन टेरिजियम का भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। चिकित्सालय में नेत्र रोगियों के चिन्हांकन की प्रक्रिया प्रतिदिन की जाती है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए विशेष दिवस निर्धारित किए गए हैं।

# आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की धीमी प्रगति पर व्यक्तकी नाराजगी

मीरजापुर। प्रभारी जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति एवं आयुष समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य चिकित्साधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारियों एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी के साथ बैठक कर खराब प्रगति वाले एमओआईसी व सम्बन्धित नोडल अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारियो को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं में प्रगति लाते हुए लक्ष्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करे अन्यथा सम्बन्धित अधिकारियो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियो को संस्तुति की जाएगी। प्रभारी जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए क्षय रोग, जननी सुरक्षा योजना में लाभार्थियो के भुगतान, बीसीजी व अन्य टीकाकरण, आरसीएच योजना, मातृ मृत्यु दर आडिट रिपोर्ट, एफआरयू, एनआरसी, आयुष्मान कार्ड आदि योजनाओं में खराब प्रगति होने पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, नोडल अधिकारी क्षय रोग व आयुष्मान तथा जननी सुरक्षा सहित प्रभारी चिकित्साधिकारी सीखड़, राजगढ़, जमालपुर, गुरूसण्डी, लालगंज, हलिया व पटेहरा से स्पश्टीकरण की मांग करते हुए कहा कि तीन दिवस के अन्दर योजनाओं में प्रगति तथा फीडिंग का प्रतिशत को बढ़ाते हुए आख्या मुख्य चिकित्साधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि अगले माह की समीक्षा बैठक में यदि स्वास्थ्य योजनाओं में खराब प्रगति आती है तो सम्बन्धितके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु महा निदेशक स्वास्थ्य सहित अन्य उच्चाधिकारियो को पत्राचार कर संस्तुति की जाएगी। आयुष्मान कार्ड योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र परिवारो सहित विशेषकर 70 वर्श की आयु पूर्ण कर चुके नागरिको का आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आयुश्मान कार्ड बनाने के लिए किन–किन विभाग के कितने–कितने कार्मिको को नामित किया गया है, अलग–अलग सूची व मोबाइल नम्बर सांय तक उपलब्ध कराएं ताकि सम्बन्धित विभाग के अधिकारी के माध्यम से प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया जा सकें। स्वास्थ्य अधिकारियो को हाई रिस्क प्रेगनेंसी (एचआरपी) वाले मामलो में कड़ी निगरानी रखने का निर्देश देते हुए कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने हेतु प्रयास किए जाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर मानक के अनुसार दवाओ की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं स्टाक रजिस्टर को अपडेट रखने के भी निर्देश दिए गए।

# विकसित कृषि समर्थ भारत किसान मेला, कृषि प्रदर्शनी एवं कार्यशाला 7 मार्च को

मीरजापुर। विकसित कृषि समर्थ भारत किसान मेला, कृषि उद्योग प्रदर्शनी एवं कार्यशाला 7 मार्च, 2026, दिन शनिवार स्थान कृषि विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में आयोजित किया जा रहा है। जानकारी देते हुए प्रो श्रीराम सिंह, अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र बरकछा, मीरजापुर ने बताया है कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय कृषि विज्ञान संस्थान, वाराणसी के प्रांगण में 7 मार्च, 2026 को विकसित कृषि – समर्थ भारत किसान मेला, कृषि उद्योग प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का आयोजन सुनिश्चित है। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण प्राकृतिक खेती, संसाधन संरक्षण कृषि, समेकित कृषि, श्री अन्न उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, समेकित कीट, रोग प्रबंधन, बागवानी फसलों की संरक्षित खेती, सूक्ष्म सिंचाई विधियां, जल प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग स्थापना,पशु चिकित्सा, पशुपालन, प्रबंधन, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी उद्योग, कृषि निर्यात, उद्यमिता विकास एवं किसान उत्पादक संगठन, कम्पनी, कृषि में महिलाओं की भूमिका इत्यादि हैं। किसान मेले में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के साथ ही कृषि अनुसंधान संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केन्द्रों सहित विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थान, संगठनों, प्रगतिशील किसानों, स्वयं सहायता समूहों आदि के आकर्षक और शैक्षिक स्टाल लगाये जायेंगे। स्टाल के माध्यम से आधुनिकतम तकनीकी जानकारी उपलब्ध होगी।इसके अतिरिक्त उन्नतिशील बीज, उर्वरक, जैव उर्वरक, जैविक कीटनाशक, कृषि उपकरणों का प्रदर्शन एवं बिक्री भी होगी।उन्होंने सभी किसान भाई, महिला किसान, ग्रामीण युवा, प्रसार कार्यकर्ता, छात्र अधिक से अधिक संख्या मे भाग लेकर कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है। बताया है कि कार्यक्रम सम्बंधी विशेष जानकारी के लिए प्रो पीके सिंह मेला संयोजक 9935126942, प्रो श्रीराम सिंह सह संयोजक, 9450232889, प्रो उदय प्रताप सिंह निदेशक 9415303524 से सम्पर्क कर सकते हैं।

# विधायक ने सेनेटरी पैड यूनिट व मार्केट का किया लोकार्पण

मीरजापुर। हलिया विकास खंड अंतर्गत भटवारी गांव में स्थापित सेनेटरी पैड निर्माण केंद्र तथा गोरगी गांव में बनाए गए विंध्य मार्केट का बुधवार को छानवे की विधायक रिंकी कोल ने फीता काटकर लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि महिलाओं की स्वच्छता और स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लगभग साढ़े सात लाख रुपये की लागत से सेनेटरी पैड बनाने की मशीन लगाई गई है, जबकि करीब साढ़े छह लाख रुपये की लागत से भवन का निर्माण कराया गया है। इस केंद्र का संचालन क्रांति स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जाएगा, जिससे विद्यालयों, कस्बों और आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं को किफायती दर पर सेनेटरी पैड उपलब्ध हो सकेंगे।

# रिक्रूट आरक्षियों को एसपी ने दिए मेला प्रबन्धन के टिप्स

चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों का सैनिक सम्मेलन किया गया तथा मेला प्रबन्धन में अनुशासन, कर्तव्यपरायणता, संवेदनशीलता बनाये रखने के सम्बन्ध में बताया गया। यदि मेला स्नान पर्व से सम्बन्धित है तो क्या क्या आवश्यकताएं होगी उसके सम्बन्ध में बताया गया तथा मेला में आने वाले श्रद्धालुओ के साथ मृदुभाषी व्यवहार, अच्छा आचरण, आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग न करने एवं विभागीय नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश शामिल हैं।

एसपी रिक्रूट आरक्षियों को निर्देश दिए गए कि वे प्रशिक्षण के दौरान एवं बाद में कर्तव्यनिष्ठा का पालन करें। किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता पर कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आरक्षियों को सोशल मीडिया नीति का सख्ती से पालन करने का निर्देश है। विभागीय गोपनीय जानकारी साझा न करने, आपत्तिजनक पोस्ट न करने एवं संस्था की गरिमा बनाए रखने पर जोर दिया गया।

उल्लंघन पर तत्काल अनुशासनिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक आरटीसी शिवमूरत यादव आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर मे स्वंय सेवकों, ग्रामवासियों ने पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ

## -वर्तमान समय में हमें पर्यावरण संरक्षण की बहुत बड़ी आवश्यकता है : कुलपति

चित्रकूट। राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा माध्यम है जो वैदिक काल के समय चरितार्थ था एक साथ चलों,एक साथ बैठो ,एक साथ मिलकर भोजन करें यही वैदिक काल में होता रहा है। हम आपको देखकर यही कह सकते हैं जो आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में साथ साथ सीख रहे हैं वह अनुकरणीय, अकल्पनीय है। उक्त बातें मुख्य अतिथि कुलपति प्रो शिविर कुमार पांडेय ने राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर में स्वय –सेवकों को संबोधित करते कहा कि वर्तमान समय में हमें पर्यावरण संरक्षण की बहुत बड़ी आवश्यकता है। हमारे घर के आस– पास चारों तरफ पेड़– पौधे का रोपण कर हरियाली होनी चाहिए जिससे आक्सीजन लेवल बना रहे। आपने इस उच्च प्राथमिक विद्यालय, कुशवाहा बस्ती में शिविर लगाकर अच्छा कार्य किया है और इस परिसर में बहुत ही सुंदर, प्रा.तिक सुंदरता देखने को मिल रही है। उन्होंने निजी सचिव कुलाधिपति आरपी मिश्रा, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ आनंद कुमार, समस्त कार्यक्रम अधिकारी एसपी मिश्रा, डा संजय कुमार नायक, श्रीमती भविष्या माथुर, विधालय परिवार, सभी स्वयं–सेवकों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुये कहा कि आपने इस गांव में घर– घर जाकर, ग्रामीण लोगों को आमंत्रित कर प्रशंसनीय कार्य किया जा रहा है।'बौद्धिक कार्यक्रम में निजी सचिव कुलाधिपति आरपी मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना सदैव युवाओं को प्रेरित करती है कि मैं नहीं आप इसका मुख्य उद्देश्य है। आज आपके आयोजन में शामिल ग्रामीण लोगों को देखकर लग रहा है कि आपने बहुत ही परिश्रम किया है। समस्त कार्यक्रम अधिकारियों ने तन–मन से खुद लगकर आपको सेवा,सहयोग,समर्पण की भावना से प्रेरित किया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता फैलाना तथा वृक्षारोपण के प्रति समाज को प्रेरित करना था। इस अवसर पर विकास भारती एम–सी–ए द्वितीय वर्ष नें कहा कि "आज जिस गति से इंटरनेट और डिजिटल सुविधाएँ तेज हो रही हैं, उसी गति से हमारा पर्यावरण कमजोर होता जा रहा है। यदि तकनीकी विकास के साथ हम प्र.ति का संतुलन नहीं बनाएंगे, तो आने वाली पीढ़ियों को इसका गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी सभी स्वंय सेवकों, ग्रामवासियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। साथ ही 101 पौधों का वितरण एवं वृक्षारोपण संकल्प लिया गया।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन 28 फरवरी को

मीरजापुर। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे संचालित जिला विज्ञान क्लब मीरजापुर के तत्वाधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन 28 फरवरी को जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय परसिया विंध्याचल में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम का मुख्य थीम भारत सरकार द्वारा विज्ञान में महिलाएं, विकसित भारत को गति देने वाली निर्धारित किया गया है। इस आशय की सूचना देते हुए सुशील कुमार पाण्डेय जिला समन्यव यक जिला विज्ञान क्लब मीरजापुर ने बताया कि इस कार्यक्रम का उदेश्य भारत के महान वैज्ञानिक सर सीवी रमन के भौतिक विज्ञान की खोज रमन इफेक्ट एवं इसके लिए प्राप्त नोबेल पुरस्कार को यादगार बनाने के लिए प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है।इस कार्यक्रम मे छात्रों को प्रयागराज से आये विषय विशेषज्ञ डॉक्टर ओ पी गुप्ता सेवा निवृत भौतिकी प्रवक्ता द्वारा विज्ञान के सरल प्रयोगों का प्रदर्शन एवं उनके वैज्ञानिक सिद्धांतो को बताया जायेगा। प्रयागराज से ही आये दूसरे विशेषज्ञ प्रमोद कुमार द्वारा मॉडल रॉकेटरी के सिद्धांत एवं प्रयोग की व्यख्या ,एवं अंध विश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक प्रयोग करके दिखाए जाएगे।छात्रों को सर सीवी रमन के जीवन एवं शोध पर आधारित फिल्म दिखाई जाएगी।छात्रों द्वारा विज्ञान मॉडल का भी प्रदर्शन किया जायेगा।पोस्टर एवं सामान्य विज्ञान प्रश्नोत्री का भी आयोजन किया जायेगा। प्रतिभागी छात्रों को जिला विज्ञान क्लब मीरजापुर द्वारा सम्मानित किया जायेगा।इस कार्यक्रम में जनपद में विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने एवं छात्रों मे विज्ञान में अभिरुचि बढ़ाने के लिए प्रयासरत 6 विशेषज्ञो को विज्ञान संचारक सम्मानपत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। इस कार्यक्रम मे उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि माननीय श्री सोहन लाल श्रीमाली उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तरप्रदेश (राज्य मंत्री) एवं जनपद के जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार रहेंगे। समापन सत्र मे मुख्य अतिथि रत्नाकर मिश्र नगर विधायक मीरजापुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विशाल कुमार मुख्य विकास अधिकारी होंगे।

# बाइक सवार महिला गिरकर घायल, उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर

हलिया मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत ददरी बांध के पास बुधवार दोपहर बाइक पर अपने बच्चे को लेकर पीछे बैठी महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पड़रिया गांव निवासी 21 वर्षीय सुमन अपने ससुर लालचंद के साथ बाइक से बेदउर गांव,अपने मैके जा रही थी। बाइक ददरी बांध से नीचे उतरते समय सामने से तेज रफ्तार में आ रहे एक अन्य बाइक सवार को बचाने के प्रयास में बाइक का संतुलन बिगड़ गया। इस दौरान पीछे बैठी सुमन अपने बच्चे सहित सड़क पर गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई।हादसे के बाद ससुर ने घायल बहू और बच्चे को तत्काल बाइक से ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया। जहां मौजूद चिकित्सक डॉ. आलोक सिंह ने प्राथमिक उपचार करते हुए महिला की गंभीर चोट को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया इस संबंध में डॉ. आलोक सिंह ने बताया कि सुमन के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है, जिसके कारण उसे ट्रामा सेंटर भेजा गया है।

# मलेट्री कंपाउंड के सामने अंगूर लदी ट्रक आवारा पशुओं को बचाने के चक्कर में पलटी, चालक सहचालक बाल बाल बचे

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र का देहात कोतवाली के बॉर्डर पर स्थित मिर्जापुर रीवा हाईवे पर मलेट्री कंपाउंड के सामने बुधवार भोर अवारा पशुओं को बचाने के चक्कर में अंगूर लगी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। संयोग ठीक था की चालक सहचालक बाल बच गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई। चालक राजेश कुमार यादव पुत्र सेन यादव 35 वर्ष निवासी बेला नई बस्ती सतना मध्य प्रदेश ने बताया कि सहचालक अरविंद कुमार के साथ पड़हरपुर से अंगूर लादकर वाराणसी जा रहा था कि एकाएक आवारा पशु रोड पर आ गए। पशुओं को बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी रेलिंग को तोड़ते हुए गड्ढे में पलट गई। जानकारी मिलने पर लहंगपुर चौकी प्रभारी सुजीत सेठ मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गए।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु

,बस्ती बैदौला गांव की 21 वर्षीय महक अग्रहरि पत्नी आदित्य पांडेय की महर्षि वशिष्ठ मेडिकल कालेज कैली में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। दिवंगत के मामा मुकेश कुमार पुत्र बाबूराम निवासी शाहपुर थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर की शिकायत पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है।महक अग्रहरि का मायका सिद्धार्थनगर जनपद के पथरा थाना क्षेत्र के भग्गोभार गांव में है। वह मायके वालों के संग मुंबई में रहती थी। उसके पड़ोस में ही आदित्य पांडेय निवासी बैदौला थाना सोनहा में भी रहता था।

# बोलेरो की टक्कर से तीन सगे भाइयों में एक की मौत, दो गंभीर

चित्रकूट। सदर कोतवाली क्षेत्र के देवांगना घाटी के पास तेज रफतार से जा रही बोलेरो ने बाइक पर टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार रिटायर्ड कर्मी के तीन पुत्र लहूलुहान हो गए। अस्पताल में एक भाई की मौत हो गई जबकि दो का इलाज जारी है। जानकारी होते ही परिजनों ने अस्पताल में हंगामा काटा। आक्रोशित परिजनों ने बोलेरो चालक को पीटने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे बचा लिया।शहर से सटे गढीवा ग्राम अंतर्गत बनाडी पुरवा निवासी सिंचाई विभाग के रिटायर्ड कर्मी संतोष शिवहरे ने बताया कि बुधवार की सुबह उसका पुत्र मनेंद्र (28) अपने छोटे भाई ध्रुव (24) व बृजेंद्र शिवहरे (20) को लेकर दवा कराने कर्वी मुख्यालय बाइक से जा रहा था। जैसे ही देवांगना घाटी के पास पहुंचा तो पीछे से तेज गति से आई बोलेरो ने बाइक पर टक्कर मार दी। इससे तीनों भाई सडक पर गिरकर लहूलुहान हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। इसी बीच बोलेरो व चालक को भी राहगीरों ने पकड लिया। बोलेरो से ही चालक तीनों घायल को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। इसी बीच कोतवाली व जिला अस्पताल पुलिस चौकी की टीम भी पहुंच गई। अस्पताल पहुंचते ही मनेंद्र शिवहरे की मौत हो गई। इसकी जानकारी होते ही आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में ही हंगामा करना शुरू कर दिया। बोलेरो चालक को पकडकर कहने लगे इसे भी मार डालो। इसी ने हमारे लडके को मारा है। पूरे इर्मेजसी वार्ड में हडकंप मच गया। गाली गलौज के बीच पुलिस कर्मियों ने बोलेरो चालक को पकडकर बचाया और बोलेरो समेत कोतवाली पहुंचा दिया। परिजनों को आश्वस्त किया कि कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उधर, अन्य दोनों भाई ध्रुव व बृजेंद्र का अस्पताल में इलाज जारी है। कोतवाल श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# हाईवे पर बेकाबू डंपर ने किसान को रौंदा, मौत

मऊ (चित्रकूट)। झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग अंतर्गत मऊ थाना क्षेत्र के अहिरी गांव के मोड पर तेज गति से जा रहे डंपर ने सडक किनारे मौजूद किसान को रौंद दिया। इसके बाद डंपर में फंसे किसान को लगभग 20 मीटर तक घसीटा। उनकी मौके पर मौत हो गई। इसके बाद चालक डंपर लेकर भाग निकला। किसान के परिजन व ग्रामीणों में घटना को लेकर आक्रोश रहा। पुलिस ने आकर परिजनों को आरोपी के खिलाफ कडी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। अहिरी गांव निवासी रामआसरे ने बताया कि उसके चचेरे भाई किसान रामभजन (55) प्रतिदिन की तरह बुधवार को तडके खेत की ओर शौच क्रिया के लिए जा रहे थे। इसी बीच जैसे ही वह सडक किनारे पहुंचे तो कर्वी मुख्यालय की ओर से खनिज सामग्री लदा डंपर तेज गति से आया और रामभजन को रौंद दिया। रामभजन का शरीर डंपर के एक हिस्से में फंस गया इससे लगभग 20. मीटर तक वह हाईवे पर घसीटते चले गए। यह देखकर ग्रामीण व परिजन तेजी से डंपर की ओर भागे लेकिन चालक डंपर लेकर भाग निकला। किसान का शव सडक पर ही पडा रहा।घटना से नाराज ग्रामीण व परिजनों ने हाईवे पर ही पुलिस पर तेज गति से भाग रहे खनिज सामग्री लदे वाहनों पर अंकुश न लगाने का आरोप लगाकर नारेबाजी की। जानकारी होते ही थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह मय फोर्स पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। लगभग दो घंटे बाद डंपर व चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आश्वासन पर ग्रामीण माने और शव को सडक से उठाकर पुलिस की मदद से पोस्टमार्टम हाउस पहुंचाया। किसान के तीन पुत्र व एक पुत्री है।

# 13 दिन बाद लापता युवक का नदी में मिला शव, हत्या की आशंका

मऊ (चित्रकूट)। थाना क्षेत्र के तिलौली गांव से 12 फरवरी से गायब युवक का शव 13 दिन बाद बुधवार को यमुना नदी किनारे मिला। जानकारी होते ही गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों ने हत्या कर शव फेंकने की आशंका जताई है। पुलिस ने जांच कराने की बात कही।तिलौली निवासी अनिल जाटव ने बताया कि चचेरा भाई मुरारी जाटव (27) का शव यमुना नदी के किनारे पानी की टंकी के पास मिला है। वह 12 फरवरी को घर से निकला था जिसकी परिजन खोजबीन कर रहे थे। कुछ पता न चलने पर 22 फरवरी को थाने में गुमसुदगी दर्ज कराई थी। परिजनों ने मुरारी को गायब करने व अनहोनी होने की आशंका जताई थी। बुधवार की सुबह गांव के कुछ लोग नदी नहाने पहुंचे तो किनारे पानी की टंकी के पास एक शव देख चौंके। उसकी शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। मौके पर थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह मयफोर्स पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकालकर पंचनामा कराया। परिजनों ने आशंका जताई है कि मुरारी को पकडकर किसी ने मार दिया इसके बाद नदी में फेंका होगा। इसकी जांच कराई जाए। थाना प्रभारी ने बताया कि शव देखने में कुछ दिन पुराना लग रहा है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद मौत के कारण की जानकारी होगी और मामले की पूरी जांच कराई जाएगी।

# मेरा गांव मेरा विद्यालय अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मेरा गांव मेरा विद्यालय अभियान के अंतर्गत पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कछार पुरवा में स्कूली बच्चों एवं अभिभावकों के साथ जागरूकता एवं सहभागिता कार्यक्रम किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यालय और गांव के मध्य सशक्त समन्वय स्थापित करना, शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना तथा सामुदायिक जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रभाकर सिंह, विकास पथ सेवा संस्थान उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि शंकर प्रसाद यादव तथा कार्यक्रम संयोजक विद्यासागर सिंह ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. प्रभाकर सिंह ने कहा कि यह हमारे अपने गांव का विद्यालय है। इसकी एक–एक चीज सबकी है, इस गांव की है। इसलिए इसे सहेज कर रखना है। समाजसेवी शंकर प्रसाद यादव ने कहा कि गांव का विद्यालय ही गांव के विकास की आधारशिला है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और विद्यालय की गतिविधियों में सहयोग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम संयोजक विद्यासागर सिंह ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सांस्.तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

# बाइक की टक्कर से मासूम की मौत

चित्रकूट। राजापुर थाना क्षेत्र के नांदिन कुर्मियान गांव के बाहर तेज गति से जा रही बाइक ने सडक किनारे मौजूद पांच साल के मासूम को टक्कर मार दी। इससे मासूम की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीण व परिजनों ने बाइक चालक को पकड कर जमकर पीटा। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और बाइक समेत चालक को पकडकर थाने भेजा।नांदिन कुर्मियान गांव निवासी दुर्गा ने बताया कि उसका पांच साल का नाती रजनीश मंगलवार को घर से दुकान कुछ सामान खरीदने जा रहा था। जैसे ही वह सडक किनारे पहुंचा तो तेज गति से आई बाइक ने उसे टक्कर मार दी। इससे मासूम लहूलुहान हो गया। यह देखकर कुछ ग्रामीणों ने बाइक समेत चालक को पकडा और पीटने लगे। इसी बीच सूचना मिलने पर पुलिस टीम पहुंची और बाइक समेत चालक को थाने पहुंचाया।

# दक्षिण अफ्रीका का मीनी आईपीएल बनी टी 20 लीग, क्रिकेट में सफलता के साथ टूरिज्म भी बूम पर

दक्षिण अफ्रीका की घरेलू टी20 लीग टी 20 न केवल देश की क्रिकेट टीम के शानदार प्रदर्शन की वजह बन रही है, बल्कि पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर रही है। भारतीय मालिकों वाली टीमों के कारण यह लीग विशेष रूप से भारतीय पर्यटकों को आकर्षित कर रही है, जिसके लिए स्थानीय पर्यटन एजेंसियां खास मार्केटिंग अभियान चला रही हैं। दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा आईसीसी टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन का श्रेय काफी हद तक घरेलू टी20 लीग एसए20 को भी जाता है जिसने देश में क्रिकेट के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के अलावा रोजगार के अवसर पैदा किए और पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है। जनवरी 2023 में शुरू हुई इस लीग के चार सत्र के दौरान ही दक्षिण अफ्रीकी टीम ने क्रिकेट के मैदान पर कई शानदार नतीजे हासिल किए जिसमें आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में पहुंचना और 2025 में ऑस्ट्रेलिया



को हराकर आईसीसी विश्व टेस्ट चौंपियनशिप का खिताब जीतना भी शामिल है। दक्षिण अफ्रीका की टीम अब तक अजेय भारत और श्रीलंका में चल रहे मौजूदा आईसीसी टी20 विश्व कप में भी दक्षिण अफ्रीका की टीम अब तक अजेय है। इस लीग ने देश के क्रिकेट ढांचे को ही मजबूत नहीं किया है बल्कि देश में रोजगार के नए अवसर पैदा करने के अलावा पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है। इस लीग की सभी छह टीम एमआई केपटाउन, पार्ल रॉयल्स, जोबर्ग सुपरकिंग्स, डरबन सुपर जाइंट्स, प्रिटोरिया कैपिटल्स और सनराइजर्स ईस्टर्न केप के मालिक भारतीय हैं और ऐसे में लीग की नजरें स्थानीय पर्यटकों के अलावा भारतीय पर्यटकों पर भी टिकी हैं।अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए मशहूर केपटाउन और वेस्टर्न केप की पर्यटन, उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने वाली आधिकारिक एजेंसी वेसग्रो ने भी एसए20 की लोकप्रियता को भुनाकर पर्यटकों को आकर्षित करने की योजना बनाई है। वेसग्रो की कार्यकारी मुख्य पर्यटन अधिकारी जूलिया लोव ने अपनी योजनाओं को साझा करते हुए बताया, ''हम अभी डेस्टिनेशन मार्केटिंग अभियान में व्यस्त हैं। हम अलग–अलग चीजों के फिल्मांकन के व्यस्त हैं और इसमें क्रिकेट भी एक है।'' उन्होंने कहा, ''हम अपनी मार्केटिंग एजेंसी के साथ मिलकर भारत में प्रचार शुरू करने के लिए काम कर रहे हैं। यह बहुत खास है। हम दक्षिण अफ्रीका पर्यटन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।'' भारत के लोग पर्यटन स्थल के लिए दक्षिण अफ्रीका में रुचि दिखा रहेजूलिया ने बताया कि भारत के लोग पर्यटन स्थल के रूप में दक्षिण अफ्रीका में काफी रुचि दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''भारतीयों की ओर से बहुत अधिक दिलचस्पी है। हमारे खेल और संस्कृति में समानता है। समय का भी अधिक अंतर नहीं है। वे सिर्फ तीन या चार घंटे आगे है इसलिए जेट लैग की भी समस्या नहीं है।'' वेस्ट कोस्ट जिला म्यूनिसिपैलिटी में मीडिया एवं पर्यटन मार्केटिंग प्रमुख हेनरिक रॉबर्टसन का भी मानना है कि पर्यटन के मामले में एसए20 में अपार संभावनाएं हैं।

# टी 20वर्ल्ड कप सेमीफाइनल की जंग मेवेस्टइंडीज का सामना साउथ अफ्रीका की भिड़ंत,


आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के एक अहम सुपर 8 मैच में वेस्टइंडीज का सामना साउथ अफ्रीका से होगा, जहाँ दोनों टीमों की नजरें सेमीफाइनल में जगह पक्की करने पर हैं। अहमदाबाद की स्पिन–अनुकूल पिच पर होने वाला यह मुकाबला दोनों टीमों की रणनीतिक गहराई का परीक्षण करेगा और इसका नतीजा ग्रुप 1 की अंकतालिका को निर्णायक रूप से बदल सकता है। आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 में गुरुवार, 26 फरवरी को अहमदाबाद में वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका आमने–सामने होंगे। दोनों टीमें अपना पिछला मुकाबला जीतकर आई हैं और सेमीफाइनल में जल्दी जगह पक्की करने की कोशिश करेंगी।बता दें कि वेस्टइंडीज ने मुंबई में जिम्बाब्वे को 107 रन के बड़े अंतर से हराया था, जबकि साउथ अफ्रीका ने अहमदाबाद में भारत को 76 रन से मात दी। इन नतीजों ने ग्रुप 1 की तस्वीर को काफी हद तक बदल दिया है। मौजूद जानकारी के अनुसार भारत और जिम्बाब्वे अब अंकतालिका में पीछे चल रहे हैं और उन्हें वापसी के लिए बाकी मुकाबलों पर निर्भर रहना होगा।गौरतलब है कि अगर साउथ अफ्रीका इस मुकाबले में जीत दर्ज करती है और भारत अपने मैच में जिम्बाब्वे को हरा देता है, तो अगले चरण में भारत और वेस्टइंडीज के बीच वर्चुअल क्वार्टरफाइनल जैसा मुकाबला देखने को मिल सकता है। वहीं अगर वेस्टइंडीज जीतती है तो भारत की राह और कठिन हो सकती है, खासकर नेट रन रेट के समीकरण को देखते हुए।हालांकि दोनों टीमों का फोकस फिलहाल सिर्फ अपनी जीत पर रहेगा। एक और जीत उन्हें लगभग नॉकआउट



में पहुंचा सकती है। वेस्टइंडीज जहां तीसरा टी20 विश्व खिताब जीतने का सपना देख रही है, वहीं साउथ अफ्रीका पहली बार ट्रॉफी अपने नाम करने की कोशिश में है।मुकाबला नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। पिच के बारे में माना जा रहा है कि यह सूखी और दोहरी गति वाली हो सकती है, जिससे स्पिन और धीमी गेंदबाजों को मदद मिल सकती है।मौसम की बात करें तो पूर्वानुमान के अनुसार बारिश की कोई संभावना नहीं है। दोपहर 3 बजे शुरू होने वाले मैच में तापमान 29 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है, जबकि नमी 30 से 40 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान है। हल्की हवा भी चल सकती है, जिससे खिलाड़ियों को थोड़ी राहत मिल सकती है। दोनों टीमों ने अपने–अपने स्क्वॉड में संतुलन बनाए रखा है।

# टीम इण्डिया की हार पर भड़के रिकी पोंटिंग, बोले- प्रयोग बंद करो, बेस्ट वेस्ट खिलाडी खिलाओं

पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग और कोच रवि शास्त्री ने टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के चयन पर सवाल उठाए हैं, खासकर साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार के बाद। दोनों विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय टीम को मैच–अप की रणनीति छोड़कर अपने सर्वश्रेष्ठ ग्यारह खिलाड़ियों और गेंदबाजी विकल्पों पर भरोसा करना चाहिए। टी20 वर्ल्ड कप के सुपर 8 चरण में साउथ अफ्रीका से 76 रन की हार के बाद टीम इंडिया पर दबाव साफ नजर आ रहा है। ऐसे में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारतीय टीम मैनेजमेंट को सीधी सलाह दी है कि अब ज्यादा रणनीतिक प्रयोग छोड़कर अपनी सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग इलेवन के साथ मैदान में उतरना चाहिए।पोंटिंग ने 'द आईसीसी रिव्यू' में बातचीत के दौरान कहा कि मैच–अप को लेकर जरूरत से ज्यादा सोचने की बजाय कप्तान को खिलाड़ियों का सही समय पर उपयोग करना चाहिए। बता दें कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में अक्षर पटेल को प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं दी गई थी। टीम प्रबंधन का तर्क था कि विपक्षी टीम में कई बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, लेकिन पोंटिंग का मानना है कि ऐसे फैसले टीम संतुलन पर भारी पड़ सकते हैं।गौरतलब है कि भारतीय पिचों पर स्पिन गेंदबाजी अहम भूमिका निभाती है। ऐसे में अक्षर जैसे ऑलराउंडर को बाहर रखना कई विशेषज्ञों को चौंकाने वाला लगा। पोंटिंग ने कहा कि चेन्नई की परिस्थितियों को देखते हुए टीम को यह देखना चाहिए कि वहां के लिए सर्वश्रेष्ठ संयोजन क्या हो सकता है।उन्होंने कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव की




वापसी की भी वकालत की। पोंटिंग के अनुसार कुलदीप ऐसे गेंदबाज हैं जो दाएं और बाएं हाथ दोनों तरह के बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं और उनके पास वैरिएशन भी भरपूर है।पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने भी इसी तरह की राय व्यक्त की। उनका कहना है कि इस दौर में अनुभव और गेंदबाजी विकल्पों की गहराई बेहद जरूरी है। शास्त्री ने साफ कहा कि अतिरिक्त गेंदबाज का विकल्प टीम को संतुलन देता है और ऐसे बड़े मुकाबलों में यही अंतर पैदा करता है। मौजूद जानकारी के अनुसार भारत को अब जिम्बाब्वे के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। सेमीफाइनल की उम्मीदें अभी जिंदा हैं, लेकिन इसके लिए चयन और प्रदर्शन दोनों में स्पष्टता लानी होगी।

# टीम इण्डिया की फ्लाप बैटिंग पर कोच सितांशु कोटक का बयान, हमें पाजिटिव रहना होगा

टी20 विश्व कप के सुपर आठ में बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, भारतीय बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने जिम्बाब्वे के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले से पहले टीम से सकारात्मक बने रहने का आग्रह किया है। कोटक ने माना कि टीम का बल्लेबाजी औसत चिंताजनक है, लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत विफलताओं पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय आगे बढ़ने की रणनीति पर जोर दिया। भारतीय बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने गुरुवार को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाले करो या मरो के मुकाबले से पहले टीम इंडिया से सकारात्मक रहने और बेहतर क्रिकेट खेलने का आग्रह किया है। टीम इंडिया को सुपर आठ चरण के पहले मैच में 76 रनों की शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा, जिससे मौजूदा चौंपियन टीम मुश्किल दौर में आ गई है।टीम इंडिया को खिताब की दौड़ में बने रहने के लिए अपने सभी बचे हुए मैच जीतने होंगे और साथ ही यह भी उम्मीद करनी होगी कि दक्षिण अफ्रीका सुपर आठ चरण में अपराजित रहे। भारत के बल्लेबाज अब तक टूर्नामेंट में कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए हैं, उनका औसत मात्र 20 है, जो सुपर आठ में क्वालीफाई करने वाली टीमों में सबसे कम है। टीम ने 11 बार शून्य पर आउट होकर बल्लेबाजी की है, जो बल्लेबाजी में शुरुआती अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने की कठिनाई को उजागर करता है।जिम्बाब्वे के खिलाफ अहम मुकाबले से पहले टीम के खराब प्रदर्शन के कारणों और इससे निपटने की योजना के बारे में पूछे जाने पर, कोटक ने मैच से पहले की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सभी द्विपक्षीय मैचों को देखें तो बल्लेबाजी वाकई अच्छी चल रही थी। मुझे लगता है कि इस विश्व कप में भी, पिछला मैच थोड़ा चिंताजनक था क्योंकि लगभग डेढ़ साल में, हमने सिर्फ दो बार ही 150 से कम रन बनाए हैं। इसलिए मैं इस बात पर ध्यान नहीं दे रहा हूं कि कोई कितनी बार असफल हुआ या कैसे, क्योंकि फिर हम उनकी बल्लेबाजी पर दबाव डालना शुरू कर देते हैं। लेकिन पिछले मैच को भी मुझे लगता है कि हमें सहजता से लेना चाहिए कि यह पिछले दो सालों में हमारा सबसे खराब मैच था, इसलिए ईमानदारी से कहूं तो हमें इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। विश्व कप में खासकर हमारे सलामी बल्लेबाजों का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा जितना हम चाहते थे।कोटक ने इस बात पर जोर दिया कि हालांकि टीम का हालिया प्रदर्शन उम्मीदों से कम रहा है, लेकिन व्यक्तिगत असफलताओं पर अत्यधिक ध्यान देने से अनावश्यक दबाव बढ़ सकता है।

# भारत बनाम जिम्बाब्वे सेमीफाइनल की रेस, क्या आज जिम्बाब्वे को हराकर वापसी कर पाएगा भारत?

भारत बनाम जिम्बाब्वे मैच टीम इंडिया के लिए करो या मरो की स्थिति जैसा है, जहाँ हार उसे सेमीफाइनल की रेस से लगभग बाहर कर सकती है। मध्यक्रम को मजबूती देने के लिए रिंकू सिंह की वापसी से टीम को राहत मिली है, जो बड़े अंतर से जीत के लक्ष्य में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। गुरुवार शाम 7 बजे चेन्नई में टी20 वर्ल्ड कप के श्सुपर 8श राउंड का एक बहुत ही महत्वपूर्ण मैच खेला जाएगा, जहां भारत का सामना जिम्बाब्वे से होगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली करारी हार ने भारत की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को थोड़ा मुश्किल में डाल दिया है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम को पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका ने 76 रनों के बड़े अंतर से हराया था।मुश्किलें तब और बढ़ गईं जब वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे को बड़े अंतर से हरा दिया। अब अगर भारत को टॉप 4 में अपनी जगह पक्की करनी है, तो उसे अपने अगले दोनों मैच अच्छे अंतर से जीतने होंगे। अगर भारत आज का मैच हार जाता है, तो वह पूरी तरह बाहर तो नहीं होगा, लेकिन उसकी किस्मत दूसरी टीमों के नतीजों और श्नेट रन रेटश पर टिक जाएगी, जो कि टीम के लिए एक बड़ा



खतरा हो सकता है।मौसम और पिच का हालचेन्नई में मौसम क्रिकेट के लिए बिल्कुल सही रहने वाला है। आसमान साफ रहेगा और बारिश की कोई संभावना नहीं है। तापमान 26 से 28 डिग्री के आसपास रहेगा, जो ज्यादा से ज्यादा 32 डिग्री तक जा सकता है। नमी 70: से ज्यादा होने के कारण मैदान पर ओस की भूमिका अहम होगी, जो मैच पर असर डाल सकती है। मैच से पहले भारतीय टीम के लिए एक राहत भरी खबर है।

# रचिन रविंद्रं का आलराउंड तूफान श्रीलंका को न्यूजीलैंड रौंदकर सेमीफाइनल मे पहुचा

टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में रचिन रविंद्र के हरफनमौला प्रदर्शन (32 रन और 4 विकेट) की बदौलत न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 61 रनों से करारी शिकस्त दी। इस शानदार जीत के साथ न्यूजीलैंड सेमीफाइनल के करीब पहुंच गया है, जबकि सह–मेजबान श्रीलंका टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। रचिन रविंद्र (27 रन देकर चार विकेट) के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में श्रीलंका को 61 रनसे शिकस्त दी जिससे सह मेजबान टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर (47 रन) और कोल मैककांकी (नाबाद 31 रन) के बीच सातवें विकेट के लिए 47 गेंद में 84 रन की साझेदारी से टीम ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सात विकेट पर 168 रन बनाए।श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को अंतिम चार ओवर में 70 रन बनाने दिए। सुपर आठ के अपने पहले मैच में इंग्लैंड से हारने वाली टीम को फिर बल्लेबाजों ने निराश किया। श्रीलंकाई टीम रविंद्र के करियर के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन के सामने लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 107 रन ही बना सकी। रविंद्र ने बल्लेबाजी में 32 रन का योगदान भी किया। न्यूजीलैंड के लिए जहां स्पिन की जिम्मेदारी रविंद्र ने संभाली तो वहीं तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने पावरप्ले में दो ओवर में एक मेडन से तीन रन देकर दो विकेट झटककर शानदार प्रदर्शन किया।



न्यूजीलैंड के लिए इस बड़े अंतर की जीत ने दो अहम अंक तो पक्के किए ही और उसे सेमीफाइनल में जगह बनाने के करीब भी पहुंचा दिया। अब पाकिस्तान को क्वालीफिकेशन की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए अपने आखिरी मैच में बड़ी जीत की जरूरत है। न्यूजीलैंड का अगला मुकाबला शुक्रवार को यहां सुपर आठ के अपने आखिरी मैच में इंग्लैंड से होगा जबकि पाकिस्तान की टीम शनिवार को पहले ही बाहर हो चुकी श्रीलंका से भिड़ेगी।न्यूजीलैंड ने हेनरी की मदद से पावरप्ले में श्रीलंका को पस्त किया। इस तेज गेंदबाज ने पहले ओवर की पहली ही गेंद फॉर्म में चल रहे पाथुम निसांका को आउट कर दिया। फिर अपने अगले ओवर की पहली गेंद पर हेनरी ने चरिथ असलांका (05) को पवेलियन लौटाया। श्रीलंका की टीम इन झटकों से पूरी तरह बिखर गई। रविंद्र ने अपने पहले ओवर में कुसल मेंडिस को विकेटकीपर के हाथों स्टंप आउट कराया। दो गेंद बाद पवन रत्नायके ने भी स्टंप आउट हो गए। बांए हाथ के स्पिनर ने अपने अगले ओवर में फिर से कमाल दिखाया और कप्तान दासुन शनाका को आउट किया। दुशान हेमंथा भी उनकी एक और टर्न लेती गेंद का शिकार हुए। सैंटनर ने अपना कोटा पूरा करते हुए 19 रन देकर एक विकेट लिया। उन्होंने श्रीलंका के शीर्ष स्कोरर कामिंडु मेंडिस (31) को आउट किया। इससे श्रीलंका की किस्मत और सेमीफाइनल से बाहर होना तय हो गया। इससे पहले श्रीलंकाई ऑफ स्पिनर महीश तीक्षणा के तीन झटकों ने न्यूजीलैंड को पटरी से उतारने की कोशिश की। न्यूजीलैंड ने 9.3 और 12.1 ओवर के बीच में नौ रन पर चार विकेट गंवा दिए थे जिसमें तीक्षणा (30 रन देकर तीन विकेट) ने बीच के ओवरों में मैच का रूख पलट दिया। लेकिन मैककांकी ने अपने चयन को सही साबित करते हुए अंत में मोर्चा संभाला जबकि सैंटनर ने महत्वपूर्ण समय पर सात विकेट के लिए महज 47 गेंद में 84 रन की अहम साझेदारी की। सैंटनर ने 26 गेंद की पारी के दौरान चार छक्के और दो चौके लगाए। वह आखिरी गेंद पर आउट हुए जबकि मैककांकी ने 23 गेंद में तीन चौके और दो छक्के जमाए।न्यूजीलैंड का स्कोर 16 ओवर के बाद छह विकेट पर 98 रन था। तब मैककांकी ने दुष्मंता चामीरा (38 रन देकर तीन विकेट) पर दो छक्के और एक चौका जड़कर 18 रन बटोरे। इसके बाद सैंटनर ने श्रीलंका के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज तीक्षणा पर 18वें ओवर में एक चौका और दो छक्के मारे जिससे 21 रन बने। इन दोनों की बदौलत न्यूजीलैंड की टीम ने अंतिम चार ओवरों में 70 रन जुटाए। श्रीलंकाई गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन अंतिम ओवरों में गलत लाइन एवं लेंथ के कारण लड़खड़ा गए। ऑफ स्पिनर तीक्षणा और तेज गेंदबाज चामीरा ने मिलकर छह विकेट लेकर न्यूजीलैंड पर लगाम कसी। न्यूजीलैंड ने नौ ओवर में दो विकेट पर 73 रन बना लिए थे। फिन एलन ने 13 गेंद में तीन चौके और एक छक्के से 23 रन बनाए जबकि रचिन रविंद्र ने 22 गेंदों पर 32 रन (तीन चौके, एक छक्का) बनाए। इसके बाद तीक्षणा ने उनकी पारी में ब्रेक लगाया। उन्होंने अपनी कैरम गेंद से एलन को आउट किया। बाद में उन्होंने रविंद्र को आउट करने के बाद तीन गेंद के अंदर मार्क चौपमैन को खाता भी नहीं खोलने दिया।

# करारी हार के बाद भारत के लिए सेमीफाइनल का समीकरण उलझा

अहमदाबाद में मिली करारी हार के बाद भारत के लिए सेमीफाइनल का समीकरण उलझ गया है, क्योंकि टीम का नेट रन रेट (–3.800) बेहद खराब है। अब सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम के लिए हर मैच करो या मरो का है, जिसमें सिर्फ जीतना ही नहीं बल्कि बड़े अंतर से जीतना भी अनिवार्य है।मेजबान और डिफेंडिंग चौंपियन भारत के लिए टूर्नामेंट का समीकरण अचानक बदल गया है। अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 76 रन की करारी हार ने टीम इंडिया को वर्चुअल नॉकआउट की स्थिति में ला खड़ा किया है।गौरतलब है कि इसी ग्रुप में वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे पर 107 रन की बड़ी जीत दर्ज की, जिससे अंकतालिका और भी जटिल हो गई। इस नतीजे ने भारत की सेमीफाइनल की राह



मुश्किल बना दी है।सबसे बड़ी चिंता नेट रन रेट को लेकर है। मौजूद जानकारी के अनुसार भारत का नेट रन रेट गिरकर –3.800 पर पहुंच गया है, जो ग्रुप 1 में वेस्टइंडीज .(5.350) और साउथ अफ्रीका .(3.800) से काफी पीछे है। ऐसे में सिर्फ जीत काफी नहीं होगी, बल्कि बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी।बता दें कि अब सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम को चेन्नई में जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर 8 का मुकाबला हर हाल में जीतना होगा। इसके बाद वेस्टइंडीज से भी जीत जरूरी होगी। कागज पर समीकरण सीधा दिखता है, लेकिन वास्तविकता में स्थिति काफी उलझी हुई है।अगर साउथ अफ्रीका अपने बाकी दोनों मैच जीत लेती है तो भारत और साउथ अफ्रीका दोनों सेमीफाइनल में पहुंच सकते हैं। हालांकि अगर साउथ अफ्रीका एक मुकाबला हारती है और तीन टीमें चार–चार अंकों पर बराबर रहती हैं, तो फैसला नेट रन रेट से होगा। यही वह पहलू है जहां भारत फिलहाल काफी पीछे है।मौजूदा हालात में टीम इंडिया के लिए हर गेंद और हर रन की अहमियत बढ़ गई है। बल्लेबाजों को आक्रामक रुख अपनाना होगा और गेंदबाजों को विपक्षी टीम को कम स्कोर पर रोकना होगा, तभी सेमीफाइनल की उम्मीद जिंदा रह पाएगी। कुल मिलाकर भारत अब ऐसी स्थिति में पहुंच चुका है जहां किस्मत से ज्यादा प्रदर्शन मायने रखेगा और बाकी टीमों के नतीजों पर भी नजर बनाए रखनी पड़ेगी क्योंकि सेमीफाइनल की दौड़ पूरी तरह खुली हुई हैं।

# दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर आईएमएफ का अलर्ट!

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने यह बात कही। आईएमएफ ने अपनी रिपोर्ट में अमेरिकी अर्थव्यवस्था का समग्र आकलन पेश किया है। 191 देशों के संगठन का विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के बारे में आकलन मोटे तौर पर सकारात्मक है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (प्ड‌थ) ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर अपना ताजा आकलन पेश किया है। रिपोर्ट के अनुसार, 2026 में दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में न केवल विकास की गति तेज होगी, बल्कि बेरोजगारी दर में भी गिरावट आने की उम्मीद है। हालांकि, आईएमएफ ने बढ़ते सरकारी कर्ज और संरक्षणवादी व्यापार नीतियों को लेकर कड़ी चेतावनी भी जारी की है। आईएमएफ ने अपनी रिपोर्ट में अमेरिकी अर्थव्यवस्था का समग्र आकलन पेश किया है। 191 देशों के संगठन का विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के बारे में आकलन मोटे तौर पर सकारात्मक है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) यानी वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल उत्पादन 2026 की चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 2. 4 प्रतिशत बढ़ सकता है। यह वृद्धि 2025 में दर्ज 2.2 प्रतिशत की दर से अधिक होगी।आईएमएफ का अनुमान है कि अमेरिका में बेरोजगारी दर 2025 के अंत में 4.5 प्रतिशत से घटकर 2026 में 4.1 प्रतिशत रह जाएगी। वहीं, महंगाई दर 2027 तक अमेरिकी केंद्रीय बैंक के दो प्रतिशत के लक्ष्य तक आ सकती है। आईएमएफ की प्रबंधा निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि फेडरल रिजर्व रेपो दर को मौजूदा 3.6 प्रतिशत से दर को घटाकर लगभग 3.4 प्रतिशत तक ला सकता है। इसने 2025 में नीतिगत ब्याज दर में तीन बार कटौती की थी।उन्होंने हालांकि आगाह किया कि अमेरिकी रोजगार बाजार में '' अत्यधिक गिरावट'' आने की स्थिति को छोड़कर, सरकार को और अधिक कटौती करने से बचना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका को मजबूत उत्पादकता वृद्धि का लाभ मिला है। जॉर्जीवा ने कहा कि यदि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए आयात शुल्क नहीं होते, तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन और बेहतर हो सकता था।

# ईशा मालवीय की डेब्यू फिल्म इश्कां दे लेखे का ट्रेलर रिलीज, प्यार-पागलपन और जुनून की दिखी झलकय 6 मार्च को रिलीज होगी मूवी

भारतीय अभिनेत्री, मॉडल, डांसर, लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बिग बॉस 17 फेम ईशा मालवीय की पहली फिल्म इश्कां दे लेखे का ऑफिशियल ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया। अभिनेत्री रोमांटिक पंजाबी फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। इश्कां दे लेखे का ट्रेलर स्पीड रिकॉर्ड्स, पैनोरमा स्टूडियोज और डायमंडस्टार वर्ल्डवाइड यूट्यूब चौनलों ने आपस में कोलैबोरेशन के तहत अपलोड किया है, जिनके चौनलों पर कुल मिलाकर लगभग 50 मिलियन सब्सक्राइबर हैं।चौनल ने मूवी का ट्रेलर रिलीज करते हुए डिस्क्रिप्शन में लिखा, एक बार फिर प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए! स्पीड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत करता है 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित पंजाबी प्रेम कहानी इश्कां दे लेखे का ट्रेलर। शानदार गुरनाम भुल्लर और खूबसूरत ईशा मालवीय अभिनीत यह पंजाबी फिल्म उन सभी लोगों के लिए बनाई गई है, जिन्होंने कभी दिल से प्यार किया है।प्रतिभाशाली मनवीर बरार द्वारा निर्देशित, इश्कां दे लेखे बड़े पर्दे पर पंजाबी रोमांस को एक नई परिभाषा देने के लिए तैयार है। लेख और सुर्खी भिंडी जैसी लगातार ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के बाद गुरनाम भुल्लर एक और उत्कृष्ट कृति के साथ वापसी कर रहे हैं और यह फिल्म किसी जादू से कम नहीं है। यह नई पंजाबी फिल्म प्यार की कहानी है और पंजाबी सिनेमा की सदाबहार क्लासिक बनने के लिए तैयार है।ट्रेलर की शुरुआत एक यूनिवर्सिटी की बेल से होती है, जिसके बाद गुरनाम भुल्लर का सीन दिखाया जाता है और एक दमदार पंजाबी रोमांटिक डायलॉग सुनने को मिलता है, जिसमें कहा जाता है, जदो प्यार हद से गुजर जाए, उने मोहब्बत कहते हैं। जदो मोहब्बत हद से गुजर जाए, उनो पागलपन कहते हैं। पर जदो पागलपन हद से गुजर जाए, तो...इसके बाद ट्रेलर में एक रोमांटिक पंजाबी गाना सुनने को मिलता है और सीन में ईशा मालवीय परीक्षा हॉल में बैठी नजर आ रही है। मूवी में अभिनेत्री (जसनीत) का किरदार निभा रही हैं। इसके बाद आगे ट्रेलर में एक और डायलॉग सुनने को मिलता है, जिसमें कहा जाता है, कई बार कुड़िया दा पहला प्यार, बहुतों ने प्यार कर चुके होते हैं। ट्रेलर में एक के बाद एक कई बेहतरीन डायलॉग सुनने को मिलते हैं और यह एक डायलॉग के साथ समाप्त भी होता है, जहां कहा जाता है, जे रब सानु प्यार करने वाले ने पागल बना सकता है, तो क्या प्यार करने वाले रब नू थोड़ा सा पागल नहीं बना सकते हैं क्या? ट्रेलर में ईशा मालवीय और गुरनाम भुल्लर की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने



को मिल रही है। 2 मिनट 25 सेकेंड के ट्रेलर में लव, हेट, प्यार, पागलपन, जुनून और बर्बादी के साथ कई लाजवाब सीन देखने को मिलते हैं। फैंस मूवी के ट्रेलर को काफी पसंद कर रहे हैं और कुछ ही घंटे में चौनल पर हजारों व्यूज आ चुके हैं। वहीं, कमेंट का सिलसिला लगातार जारी है। इश्कां दे लेखे मूवी सिनेमाघरों में 6 मार्च को रिलीज होने वाली है, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।फिल्म में ईशा मालवीय और गुरनाम भुल्लर के अलावा राणा रणबीर, मिंटू कप्पा, बलविंदर बुलेट, गुरलीन चोपड़ा, गुरप्रीत रंधावा, जसबीर गिल, मोहनी तूर, बाबर खान, कवि सिंह, शनाया खन्ना, मनिंदर वेली, अर्शदीप कौर भट्टी, डेवी सिंह, सीरत प्रीत, रंग हरजिंदर, पुष्पक चौंटा, हेजल सप्रा और अर्शदीप सिंह गिल जैसे कलाकार भी पर्दे पर अपने अभिनय का जादू बिखेरेंगे।

# द केरल स्टोरी 2 पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची, लगे 16 कट, लिप लाक सीन किए कम

द केरल स्टोरी 2 गोज बियॉन्ड अपने ट्रेलर रिलीज के बाद से ही विवादों से घिरा हुआ. फिल्म के खिलाफ रिलीज पर रोक लगाने के लिए याचिकाएं दायर की गई हैं. इसी बीच सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म को 16 सर्टिफिकेशन के साथ पास कर दिया है. हालांकि मेकर्स को फिल्म में 16 कट्स लगाने या बदलाव करने को कहा है.

रिपोर्ट के अनुसार, सीबीएफसी ने द केरल स्टोरी 2 गोज बियॉन्ड के मेकर्स को फिल्म में लगभग 16 कट या बदलाव करने के लिए कहा है. किसिंग विजुअल्स और रेप सीन को 50 प्रतिशत कम कर दिया गया.एक लिप–लॉक सीन को 7 सेकंड कम करने के लिए कहा गया. रेप सीन को 20 सेकंड छोटा कर दिया गया. एक सीन, जिसमें एक महिला को थप्पड़ मारा जा रहा है, और दूसरा सीन जिसमें एक महिला के सिर पर मारा जा रहा है, दोनों को 2 सेकंड कम कर दिया गया.एक सीन में जहां आरोपी का घर बुलडोजर से गिराया जा रहा है, सीबीएफसी ने उसे बदलने के लिए कहा गया. इसके अलावा उन्होंने तीन डायलॉग बदलने और एक शब्द म्यूट करने के लिए कहा गया. तमाम कट और बदलावों के अलावा, फिल्म बनाने वालों से एक डिस्क्लेमर जोड़ने के लिए कहा गया है, जिसमें यह लिखा हो कि द केरल स्टोरी 2 सच्ची घटनाओं पर आधारित है. उनसे यह भी कहा गया कि डिस्क्लेमर टेक्स्ट को स्क्रीन पर 2 मिनट और 3 सेकंड ज्यादा देर तक रहने दें, और उसके साथ एक वॉइस–ओवर भी शामिल करें.




सीबीएफसी ने मेकर्स को डायलॉग के साथ पूरी स्क्रिप्ट सबमिट करने को कहा है. इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा है कि इन दावों को साबित करने के लिए सपोर्टिंग डॉक्यूमेंट्स दें कि कहानी सच्ची घटनाओं से ली गई है. बोर्ड को एक माइनर की कास्टिंग के बारे में एक कंसेंट लेटर भी दिया गया. तमाम बदलाव के बाद, 16 फरवरी को फिल्म को सर्टिफिकेट दे दिया गया. फिल्म का रनटाइम 131 मिनट और 24 सेकंड है, यानी यह 2 घंटे, 11 मिनट और 24 सेकंड लंबी है. कामाख्या नारायण सिंह की निर्देशित द केरल स्टोरी 2रू गोज बियॉन्ड 27 फरवरी, 2026 को रिलीज होगी.

## आंखों पर काला चश्मा और गले में रुद्राक्ष की माला, शभूत बंगला से सामने आया अक्षय कुमार का नया लुक

अक्षय कुमार की आगामी फिल्म भूत बंगला अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस हॉरर–कॉमेडी फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हिट जोड़ी 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। यही कारण है कि फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब आज मेकर्स ने फिल्म का एक नया मोशन पोस्टर जारी किया है।मेकर्स की ओर से जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर में अक्षय कुमार एक डरावने सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस सिंहासन पर डरावने भूतों के सिर बने हुए हैं, जो मुंह फैलाते नजर आ रहे हैं। इस पर बैठे अक्षय कुमार भी मुंह फैलाए हुए हैं।आंखों पर काला चश्मा लगाए अक्षय अपने गले और हाथों में कई रुद्राक्ष और अन्य मालाएं पहने हुए हैं। जबकि एक हाथ में वो माला जप भी रहे हैं। एक लुंगी या धोती जैसी पहने अक्षय कुमार शर्टलेस नजर आ रहे हैं। अक्षय का ये लुक किसी तांत्रिक से मिलता–जुलता मालूम पड़ता है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने एक मजेदार कैप्शन भी दिया है। कैप्शन में लिखा गया, श्दस को देंगे दस्तक, इंतजार करो तब तक। मस्ती शुरू होने दो।य इसके साथ ही मेकर्स ने एक बार फिर से फिल्म की रिलीज डेट भी याद दिलाई है, जो 10 अप्रैल है।प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित श्भूत बंगलाय में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, तब्बू और परेश रावल भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके अलावा फिल्म में राजपाल यादव और मिथिला पालकर भी अहम किरदार निभाएंगे। मिथिला पालकर फिल्म में अक्षय की बहन के किरदार में नजर आएंगी।

## गैंगस्टर बनकर नानी ने उड़ाया गर्दा, रिलीज हुआ फिल्म ब्लडी रोमियो का टीजर

साउथ के सुपरस्टार नानी आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। उनके जन्मदिन पर एक धमाकेदार ऐलान हुआ। उन्हें डायरेक्टर सुजीत की नई फिल्म ब्लडी रोमियो में लीड रोल मिला है। फिल्म का स्टाइलिश एनिमेटेड टीजर रिलीज हुआ, जिसमें नानी एक तेज–तर्रार नंबर वन गैंगस्टर के रूप में दिखे। फिल्म की शूटिंग समर 2026 से शुरू होगी। यह नानी और सुजीत की पहली फिल्म है। 2026 में नानी और विजय देवरकोंडा की बॉक्स ऑफिस पर टक्कर होने वाली है। दोनों की गैंगस्टर ड्रामा फिल्में क्रिसमस के आसपास रिलीज हो सकती हैं। नानी की ब्लडी रोमियो क्रिसमस 2026 में आएगी, जबकि विजय की राउडी जनाधारणा भी उसी समय आने की संभावना है।




ब्लडी रोमियो का यह 108 सेकंड का वीडियो देखते ही बनता है. नानी का इंटेंस लुक, ब्लैक आउटफिट में बंदूक थामे, चारों ओर तबाही का मंजर, जैसे कोई एक्शन हीरो स्ट्रीट्स पर तहलका मचा रहा हो. वीडियो में एनिमेटेड स्टाइलिश ग्लिम्प्स है, जहां नानी एक ऐसे कैरेक्टर में हैं जो बाहर से शांत–रोमांटिक दिखता है लेकिन अंदर से खतरनाक गैंगस्टर है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में नानी एक गैंगस्टर का रोल प्ले कर रहे हैं जो शेफ के भेष में रहता है. किचन टू स्ट्रीट्स वाली लाइन इसी कॉन्सेप्ट को हाईलाइट करती है, जहां किचन की गर्मी (खाने की) से लेकर गलियों की गर्मी (एक्शन–गैंगवार) तक सब कुछ है. साहो और ओजी जैसी बड़ी फिल्में बना चुके सुजीत इस प्रोजेक्ट को पैन–इंडियन लेवल पर ले जा रहे हैं. फिल्म का टाइटल ब्लडी रोमियो है. यह नानी की 34वीं फिल्म है.

## श्री विष्णु की फिल्म विष्णु विन्यासम का लेटेस्ट गाना एमी रा बलाराजू जारी, 27 फरवरी को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

एंटरटेनमेंट के किंग श्री विष्णु की आने वाली फिल्म विष्णु विन्यासम अपने लेटेस्ट सिंगल, एमी रा बलाराजू के साथ चर्चा में है। यह गाना, जो फिल्म के साउंडट्रैक का हिस्सा है, एक जोशीला गाना है जो दिल टूटने को जश्न में बदल देता है। म्यूजिक



डायरेक्टर राधन ने ग्रूवी बीट्स को रामजोगय्या शास्त्री के अनोखे लिरिक्स के साथ मिलाकर इसे एक कैची ट्रैक बनाया है। सरथ संतोष का गाया यह गाना एक मजेदार नोट पर शुरू होता है, जो श्री विष्णु के प्यार में रॉन्ग गॉन के बारे में जोशीले अंदाज के लिए मूड सेट करता है। उनका लुंगी स्टेप आम लोगों के लिए खास तौर पर बनाया गया है और शायद सोशल मीडिया रील्स पर छा जाएगा। आखिर में नयना सारिका का आना गाने के ह्यूमर को और बढ़ा देता है, जिससे यह एक हल्का–फुल्का, मजेदार ट्रैक बन जाता है।एमी रा बलाराजू हर उस लव फेलियर को जरूर पसंद आएगा जो दिल टूटने में भी मजाक ढूंढता है, और यह इस साल का ब्रेक–अप सॉन्ग बन गया है। इस ट्रैक ने अपनी मजेदार धुन और अनोखे लिरिक्स से फिल्म की रफ्तार को और बढ़ा दिया है।नए डायरेक्टर यदुनाथ मारुति राव के डायरेक्शन में बनी विष्णु विन्यासम में श्री विष्णु और नयना सारिका लीड रोल में हैं। फिल्म को सुमंत नायडू जी ने श्री सुब्रह्मण्येश्वर सिनेमाज के तहत प्रोड्यूस किया है और यह 27 फरवरी को रिलीज होने वाली है। फिल्म में एक टैलेंटेड क्रू है, जिसमें सिनेमैटोग्राफर साई श्रीराम और राधन का म्यूजिक शामिल है।

# बाक्स आफिस पर 11वें दिन ओ रोमियो की घटी कमाई, शाकिंग हैं 11वें दिन का कलेक्शन


शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी स्टारर रोमांटिक–एक्शन थ्रिलर श्ओयरोमियोय को थिएटर में रिलीज होने के बाद से दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों से



मिला–जुला रिस्पॉन्स मिला है, यह ट्रेंड इसके ओवरऑल बॉक्स ऑफिस पर फॉर्मेंस में साफ तौर पर दिखा है. ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठीक ठाक परफॉर्म कर रही है. चलिए यहां जानते हैं इस फिल्म ने रिलीज के दूसरे मंडे को कितनी कमाई की है.सिनेमाघरों रिलीज होने के बाद विशाल भारद्वाज निर्देशित, ओयरोमियो ने अपनी लीड जोड़ी और दमदार कहानी की वजह से लोगों को अपनी ओर खींचा. हालांकि, वर्ड ऑफ माउथ बंटा हुआ रहा, जिससे कई सर्किट में इसे थिएटर में ठंडा रिस्पॉन्स मिला. फिर वीकेंड में ये लोगों को सिनेमाघरों में खींचने में कामयाब रही. हालांकि फिर वीकडेज में इसके कलेक्शन में उतार–चढ़ाव दिखा जिसके चलते ये बंपर कमाई नहीं कर पाई. लेकिन दूसरे वीकेंड पर इसकने कमाई में थोड़ी तेजी जरूर दिखाई. अब दूसरे मंडे फिर इसके कलेक्शन में मंदी देखी जा रही है..इस बीच फिल्म की कमाई की बात करें तो श्ओयरोमियोय ने रिलीज के पहले हफ्ते में 47.1 करोड़ कमाए थे. इसके बाद इस फिल्म ने 8वें दिन 2.15 करोड़, 9वें दिन 3.4 करोड़ और 10वें दिन 3.15 करोड़ का कलेक्शन किया था.वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक श्ओयरोमियोय ने रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे मंडे को 1.65 करोड़ की कमाई की है.इसी के साथ श्ओयरोमियोय की 11 दिनों की कुल कमाई अब 57.45 करोड़ रुपये हो गई है.वहीं मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी स्टारर श्दो दीवाने सहरय में रवि उदयवार द्वारा निर्देशित एक रोमांटिक ड्रामा है. संजय लीला भंसाली द्वारा प्रोड्यूस, ये फिल्म प्यार, पहचान और इमोशनल ग्रोथ की थीम पर बेस्ड है. इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर ठीक–ठाक रिस्पॉन्स मिला है. फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो सैकनिल्क के मुताबिक, इसने पहले दिन लगभग 1.25 करोड़ से थिएटर में अपनी शुरुआत की थी. फिर वीकेंड में इसने थोड़ी तेजी दिखाई. जहां शनिवार को फिल्म ने 20 फीसदी के उछाल के साथ 1.5 करोड़ कमाए तो रविवार को इसने 3.33 फीसदी की मंदी के साथ 1.45 करोड़ का कलेक्शन कियावहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक दो दीवाने सहर में ने रिलीज के चौथे दिन यानी पहले मंडे को 0.65 करोड़ कमाए हैं.इसके बाद इस फिल्म की 4 दिनों की टोटल कमाई अब 4.85 करोड़ रुपये हो गई है.वहीं अनुभव सिन्हा और तापसी पन्नू अस्सी के लिए फिर से साथ आए हैं. ये फिल्म एक और सामाजिक मुद्दे पर आधारित है और ये कोर्टरूम कहानी है. हालांकि, भरोसेमंद जोड़ी के बावजूद, फिल्म को टिकट काउंटर पर ज़्यादा कमाई करने में मुश्किल हो रही है. सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक, अस्सी ने पहले दिन 1 करोड़ से ओपनिंग की की. इसके बाद वीकेंड में फिल्म ने थोड़ा सुधार दिखाया और इसने शनिवार को 1.6 करोड़ और रविवार को भी 1. 6 करोड़ कमाए, इसके साथ, 3 दिन के ओपनिंग वीकेंड का टोटल 4.2 करोड़ हो गया. अब अपने पहले वीकडे टेस्ट का सामना करते हुए इसके कलेक्शन के नंबर फिर से कम हो गए हैं. सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक, फिल्म ने सोमवार को यानी रिलीज के चौथे दिन 0.75 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साथ इस फिल्म की 4 दिनों की कुल कमाई अब 4.95 करोड़ रुपये हो गई है.

# डांस अक्रास द वर्ल्ड दे रहा लोकनृत्य को नया मंच, रूस की परंपराएं से रुबरू कराएंगी शक्तिमोहन

आज के दौर में, जब ग्लोबलाइजेशन के नाम पर लोककलाएं और पारंपरिक नृत्य धीरे–धीरे हाशिए पर जाते दिख रहे हैं, ऐसे समय में कुछ कलाकार ऐसे भी हैं, जो इन्हें दुनिया के सामने नए अंदाज में पेश कर रहे हैं। इसी सोच और जुनून के साथ भारतीय डांस जगत की जानी–मानी कलाकार शक्ति मोहन अपने खास यूट्यूब प्रोजेक्ट डांस अक्रॉस द वर्ल्ड के जरिए एक वैश्विक सांस्कृतिक सफर पर निकली हैं। उनका यह सफर सिर्फ देशों की सीमाएं पार करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अलग–अलग सभ्यताओं को समझने और उन्हें आज की युवा पीढ़ी से जोड़ने की कोशिश भी है। हाल ही में शक्ति मोहन ने डांस अक्रॉस द वर्ल्ड का नया एपिसोड लॉन्च किया, जिसमें वह रूस की समृद्ध और शक्तिशाली लोकनृत्य परंपराओं को एक्सप्लोर करती नजर आईं। इस खास एपिसोड की लॉन्चिंग में उनके करीबी दोस्त, परिवार और इंडस्ट्री से जुड़े कई लोग मौजूद रहे, जिन्होंने उनके इस विजन की खुलकर तारीफ की।डांस अक्रॉस द वर्ल्ड को शक्ति मोहन ने ड्रीम प्रोजेक्ट बताया और कहा, मैं इसके जरिए हजारों साल पुरानी लोकनृत्य शैलियों को आज की पीढ़ी तक पहुंचाना चाहती हूं। इस शो का पहला सीजन कई देशों की यात्रा पर आधारित रहा,



जहां मैंने अलग–अलग संस्कृतियों के पारंपरिक नृत्यों को न सिर्फ सीखा, बल्कि उन्हें दर्शकों के सामने पेश भी किया।शक्ति मोहन ने कहा, दुनिया में कई ऐसी नृत्य परंपराएं हैं, जो बेहद सुंदर होने के बावजूद ध ीरे–धीरे गुमनाम होती जा रही हैं। इन कला रूपों को बचाने के लिए जरूरी है कि उन्हें आज के युवाओं के सामने इस तरह पेश किया जाए, जिससे वे उनसे जुड़ाव महसूस करें। मेरे लिए यह शो दिल के बेहद करीब है। मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे अपने दो सबसे बड़े प्यार, यानी ट्रैवल और डांस, को एक साथ जीने का मौका मिल रहा है।रूस के लोकनृत्य को शक्ति मोहन ने अपने करियर के सबसे अलग और चुनौतीपूर्ण अनुभवों में से एक बताया। उन्होंने कहा, रूसी डांस अपनी तकनीक, गति और भाव–भंगिमा के मामले में बेहद अनोखा है।

# रियलिटी शो द 50 से बाहर आने के बाद मोनालिसा का दिखा ग्लैमरस अंदाज, शेयर की खूबसूरत तस्वीरें

भोजपुरी सिनेमा और हिंदी टीवी सीरियल्स की मशहूर अभिनेत्री मोनालिसा आज के समय में एक जाना–माना चेहरा हैं, जो अपनी खूबसूरती और एक्टिंग के अलावा शानदार डांस मूव्स के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस ने 125 से अधिक भोजपुरी फिल्मों के साथ–साथ हिंदी, बंगाली, ओडिया, तमिल, कन्नड़ और तेलुगु मूवी में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरा है। मोनालिसा हाल ही में देश के एक नए और यूनिक रियलिटी शो द 50 से बाहर आई हैं, जिसमें उन्होंने पहली बार अपने पति विक्रांत सिंह राजपूत के साथ एक प्रतियोगी के रूप में भाग लिया था। द 50 शो के पैलेस से बाहर आने के बाद मोनालिसा का ग्लैमरस अंदाज देखने को मिल रहा है। अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम से कुछ बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कीं, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने फोटो पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा, डोपामाइन... बेहद जरूरी।मोनालिसा का असली नाम अंतरा बिस्वास है, जिनका जन्म 21 नवंबर 1982 को कोलकाता, पश्चिम बंगाल में एक बंगाली हिंदू परिवार में हुआ था। अभिनेत्री ने 17 जनवरी, 2017 को देश के सबसे बड़े टीवी रियलिटी शो बिग बॉस हाउस में विक्रांत सिंह राजपूत के साथ शादी की, जो कि खुद एक प्रसिद्ध भोजपुरी फिल्म अभिनेता हैं।मोनालिसा ने बिग बॉस 10 और टीवी सीरियल नजर में मोहना राठौड़ के रूप में बड़ी पहचान बनाई। नजर में उनके डायन के किरदार को लोगों ने काफी पसंद किया था। इसी के साथ भोजपुरी फिल्मों ने उन्हें इंडस्ट्री में एक मशहूर हस्ती बना दिया।अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी बोल्ड व स्टाइलिश तस्वीरों के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस भोजपुरी इंडस्ट्री की बड़ी अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिनका नाम सबसे अधिक फीस लेने वाली एक्ट्रेस में शामिल है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।